RNI 70280/91 | हरियाणा का अग्रणी दैनिक
Email :dailypathakpaksh@yahoo.in (website : www.pathakpaksh.com)
# पाठकपक्ष
वर्ष : 37 | अंक : 15
हिसार | बुधवार, 17 अप्रैल, 2024
फोन : 98964-72584, 92552-73410
मूल्य : 2.00 रूपए पृष्ठ ६







## कीटनाशक के प्रभाव से किसान की मौत

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 17 अप्रैल :** ढाणी पिरान के खेतों में कीटनाशक का स्पे करते वक्त एक किसान की हालत खराब हो गई। सांस लेने में दिक्कत आने पर किसान को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान किसान ने दम तोड़ दिया। जानकारी देते हुए मृतक हेमंत के पिता अमरचंद ने बताया कि उसका बेटा हेमंत मंगलवार की शाम को ढाणी पिरान के खेतों में कीटनाशक का छिड़काव कर रहा था। छिड़काव करने के बाद हेमंत शाम को घर वापस लौट आया। रात करीब 11 बजे हेमंत को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। हेमंत ने परिजनों को बताया कि वह टमाटर की फसल में कीटनाशक का स्पे करने गया था।

## जलघर के बाहर मिला किशोर का शव

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 अप्रैल :** बाइक पर सवार होकर दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए निकले 17 वर्षीय किशोर का शव आजाद नगर जलघर के बाहर मिला है। परिजनों ने हत्या का शक जाहिर करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल नागरिक अस्पताल में परिवार वाले रिश्तेदार इकट्ठा हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण का पता लग पाएगा। बता दें कि मंगलवार की शाम आजाद नगर स्थित जलघर के बाहर से 17 वर्षीय प्रिंस नामक किशोर का शव बरामद हुआ था। प्रिंस के भाई यश ने बताया कि रविवार को प्रिंस घर से बाइक लेकर दोस्तों के साथ नहर में नहाने के लिए निकला था, लेकिन वह घर नहीं आया। सोमवार को उसकी काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिला। मंगलवार दोपहर बाद प्रिंस का शव आजाद नगर जल घर के पास पड़ा हुआ था। उसके शरीर पर चोटों के निशान हैं।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आया बुजुर्ग, गंभीर घायल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हांसी, 17 अप्रैल :** सरोखी गांव में सड़क पार करते समय 61 साल के बुजुर्ग को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे बुजुर्ग गंभीर रुप से घायल हो गया। घायल को हिसार के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी देते हुए घायल बुजुर्ग रमेश के भाई नानूराम ने बताया कि टक्कर लगते ही रमेश सड़क पर गिर गया और जिसके बाद आसपास के लोग उसे सोरखी सीएचसी अस्पताल लेकर गए। रमेश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हांसी के नागरिक अस्पताल भेज दिया। हांसी के नागरिक अस्पताल में उपचार करने के बाद भी रमेश की हालत काफी गंभीर थी, जिस कारण उसे हिसार रेफर कर दिया गया।

## छत्तीसगढ़ में 29 नक्सलियों के एंकाउंटर से बौखलाए आंतकियों ने बस्तर में भाजपा नेता की हत्या की

**पाठकपक्ष न्यूज**
**नई दिल्ली, 17 अप्रैल :** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में नक्सलियों के खिलाफ हुई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के एक दिन बाद नारायणपुर में नक्सलियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है। नक्सलियों ने यहां एक भाजपा नेता की हत्या कर दी है। इस हत्या के बाद से जहां घर में शोक की लहर छा गई, वही इलाके में दहशत का माहौल देखा जा रहा है। वहीं अपने 29 साथी के मौत से नक्सलियों में भारी बौखलाहट देखने को मिल रही है जिसके चलते उन्हें इस वारदात को अंजाम दिया है। इस घटना के बाद जवानों की टीम ने सर्चिंग शुरू कर दी। यह पूरा मामला बयानार थाना क्षेत्र से लगे दंडवन गांव का है। मंगलवार रात लगभग 11 बजे नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता और उपसरपंच पंचम दास मानिकपुरी उर्फ गोलू शक्तिकेंद्र सह संयोजक के घर आ धमके। नक्सलियों ने भाजपा नेता के घर का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और धारदार हथियार से उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद नक्सलियों ने पर्चा भी छोड़ा है। नक्सलियों ने पर्चे में मृतक भाजपा नेता पर भ्रष्टाचार के साथ पुलिस के लिए मुखबिरी करने का आरोप लगाया है। साथ ही माओवादी ने बताया गया कि उप सरपंच उनकी बात नहीं मान रहा था। इसलिए उसकी हत्या कर दी। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस वारदात के बाद पुलिस बल, डीआरजी, आईटीबीपी की टीम जांच में जुट गई है।

## बड़े वाहन ने ऑटो को पीछे से टक्कर मारी, एक की मौत, 10 घायल

**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 अप्रैल :** सड़क हादसे में मनरेगा मजदूर लाडवा गांव के बलबीर पुत्र दलीप की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए हैं। कैंट के पास ये मजदूर ऑटो में बैठकर नहर पर काम करने जा रहे थे कि एक बड़े वाहन ने पीछे से टक्कर मारी। ऑटो पलट गया, जिस कारण बलबीर की मौत हो गई। रिछपाल, शर्मिला, सरोज, बिमला, दर्शना, पूनम, धौली देवी, अंग्रेजो, सूरजमल व आशा को चोटें आई हैं। लाडवा गांव के पंचायत सेक्रेटरी सुरेंद्र हुड्डा ने बताया कि मृतक के


सड़क हादसे में घायल लोग।

चार छोटे-छोटे बच्चे हैं। श्रमिकों ने सरकार से मांग की है कि मृतक की पत्नी निर्मला को सरकारी नौकरी दी जाए और परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए। बड़े वाहन के चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कार्यकर्ता अपने को कमजोर न समझें, आप पार्टी की आत्मा हो : सावित्री जिन्दल



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 अप्रैल :** कार्यकर्ता किसी भी पार्टी की रीढ़ की हड्डी होते हैं, अपने को कमजोर न समझें। कार्यकर्ता पार्टी की आत्मा है। यह बात श्रीमती सावित्री जिन्दल ने हिसार से लोकसभा प्रत्याशी चौ. रणजीत सिंह के समर्थन में शहर में विभिन्न जगहों पर हुए कार्यक्रमों के दौरान कही। उन्होंने कहा कि भाजपा द्वारा जारी किया गया संकल्प पत्र समाज के हर वर्ग के हित में है जो कि जनता के सुझाव के आधार पर ही बनाया गया है, जिससे सभी वर्गो का उत्थान होगा। आज देश में करोड़ों लोग बीजेपी सरकार द्वारा दी गयी विभिन्न योजनाओं का सीधा लाभ उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से खुश देश व प्रदेश की जनता तीसरी बार सरकार बनाने का मन बना चुकी है। सावित्री जिन्दल ने हिसार विधान सभा क्षेत्र के विद्युत नगर, सेक्टर 9-11, आदर्श कॉलोनी हिसार कैंट, मॉडल टाऊन एक्सटेंशन, ढ़ाणी शामलाल, बक्शी नगर, पटेल नगर आदि में कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस अवसर पर चौ. रणजीत सिंह बीजेपी लोकसभा हिसार, रामदयाल गोयल, पूर्व मेयर, शकुंतला राजलीवाला, वेद रावल, जगदीश जिन्दल, अरूण दत शर्मा, पूर्व पार्षद जगमोहन मितल, पवन सैनी एडवोकेट, पार्षद प्रतिनिधि सुशील शर्मा, आयोजक स्नेहलता निंबल, आयोजक पवन गोयल, आयोजक बृजेश पाण्डेय, परवीन जैन, सुभाष जैन, जय भगवान गर्ग, महेन्द्र मुंजाल, निर्मल गर्ग, डा. शिव सिंगल, भीम



सिंह यादव, शिव कुमार मितल, संजीव रेवड़ी, प्रवीण पोपली, मांगेराम गढ़वाल, मनोज पिलानिया, नरेश कुमार, महेश वर्मा, सतबीर दलाल, दलबरी शर्मा, जी.एल.चाहर, मेवा सिंह, कुलभुषण भाटिया आदि सहित सैंकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कटला रामलीला कमेटी की धर्म ध्वजाओं से सुशोभित रामनवमी शोभा यात्रा में उमड़े हजारों श्रद्धालु

### डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने श्रद्धालुओं को भक्त व भगवान की महिमा से करवाया रूबरू



**पाठकपक्ष न्यूज**
**हिसार, 17 अप्रैल :** श्री रामलीला कमेटी कटला ने संगीतमय पावन श्रीराम कथा के समापन के साथ ही भव्य रामनवमी शोभा यात्रा का आयोजन किया। महाराजा अग्रसेन भवन में जनकल्याण के निमित प्रातः हवन-यज्ञ के उपरांत हिसार के विभिन्न बाजारों में शोभा यात्रा निकाली गई। कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी के सान्निध्य में प्रथम पूज्य गणेश जी, भोले शंकर-पार्वती, वीर हनुमान, माता शेरांवाली, भगवान श्री तिरुपति बालाजी एवं प्रभु द्वारा राक्षसों का संहार करने सहित विभिन्न प्रसंगों पर आधारित झांकी शोभायमान रही। शोभा यात्रा में श्रीरामलला मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने एवं मतदान करने संबंधी झांकी को भी काफी सराहना मिली। शोभा यात्रा के वापस अग्रसेन भवन पहुंचने पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

श्री रामलीला कमेटी कटला के प्रधान सुरेंद्र लाहौरिया, महासचिव राजेश बंसल व कोषाध्यक्ष रमेश लोहिया ने संयुक्त रूप से बताया कि आठ दिन तक श्रीराम कथा में विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं ने बढ़-चढक़र हिस्सा लिया। रामनवमी के दिन भव्य शोभा यात्रा में कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व मेयर गौतम सरदाना, डॉ. प्रतिमा गुप्ता, दिनेश रावलवासिया, सतप्रकाश राजलीवाला व नरेश मंगालीवाला भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन भवन में श्रीराम कथा का धूमधाम से आयोजन किया गया। गुरुधाम-जटारीधाम से पधारे कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने अपने श्रीमुख से भक्तों को आठ दिनों तक श्रीराम कथा का अमृतपान करवाया।

कथा व्यास डॉ. नरेशचंद्र शास्त्री जी ने श्रीराम कथा के अंतिम दिन श्रद्धालुओं को भक्त व भगवान की महिमा से रूबरू करवाया। उन्होंने कहा कि भगवान के लिए भक्त हमेशा छोटे बच्चे के समान होता है। भक्त चाहे गलती भी कर दे तो भगवान उसे माफ कर देते हैं। इसलिए यदि ज्ञान भी हो जाए तो भगवान का भजन नहीं छोड़ना चाहिए। भगवान का भजन करने से ही भवसागर पार हो सकता है।

सुरेंद्र लाहौरिया, राजेश बंसल व रमेश लोहिया ने बताया कि श्रीराम कथा के आठवें दिन प्रमुख उद्योगपति संजय गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। राजेंद्र गावडिय़ा, होशियार सिंह श्योराण, अंजनी खारिया वाले, अमित सिंगल, सुशील गोयल, प्रेम बंसल सिवानी वाले, राहुल गोयल, मुकेश अग्रवाल, नरेश सिंगल मंगालीवाले, दीपक गर्ग लाला हरिचंद सेवा सदन, रामनिवास राड़ा, नितेश डालमिया, मनीराम गोयल, नारायण दास बंसल, राजेश गुप्ता व डॉ. जे. पी. नलवा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

श्रीराम कथा के दौरान श्री रामलीला कमेटी कटला के उपप्रधान कुलप्रकाश गोयल बंटी एवं कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र बंसल (नेताजी), रामनिवास गर्ग, दिनेश जैन व राधेश्याम अग्रवाल उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री रामलीला कमेटी कटला के सभी कॉलेजियम हेड, सदस्यगण भी विशेष रूप से मौजूद रहे।






# सम्पादकीय..........

## बढ़ती गर्मी और बारिश का प्रकोप....

*भारत में सियासी तापमान के साथ ही मौसमी तापमान भी तेजी से बढ़ने लगा है। उत्तर भारत के अनेक इलाकों में लू का प्रभाव शुरू हो गया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में महाराष्ट्र, उत्तरी गोवा, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल सहित कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी जारी की है। उत्तर भारत में कुछ इलाकों में चिलचिलाती गरमी से राहत रहेगी, पर ज्यादातर इलाके दिन के समय तपेंगे। कुछ जगहों पर बादल भी छाए हैं, पर बादल के हटते ही तापमान के सभी जगह तेज होने का अनुमान है। बिहार के करीब एक दर्जन जिलों में लू का माहौल है, पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार जा चुका है। उत्तर प्रदेश के भी अनेक जिलों में पारा 40 डिग्री के पार पहुंचने लगा है। तापमान या लू की चिंता इस साल इसलिए भी ज्यादा है, क्योंकि यह चुनावी समय है। बड़े पैमाने पर लोगों का आवागमन होगा और सभाओं का आयोजन होगा। अनेक जगहों पर हजारों लोगों की भीड़ जुटेगी और लोगों को परेशानी होगी। ऐसे में, अगर तापमान 40 या 45 के पार रहता है, तो संकट सताएगा। मौसम प्रतिकूल होने से चुनाव प्रचार के साथ ही मतदान प्रतिशत भी प्रभावित हो सकता है। वैसे यह कोई नई बात नहीं है, विगत दशकों से लोकसभा चुनाव मार्च-अप्रैल-मई में ही होते आए हैं, पर तापमान के मद्देनजर सभी को सावधान रहना होगा। मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, मई का महीना तपेगा। चिंता इसलिए भी ज्यादा है कि पिछ्ला साल 2023 वर्ष 1901 के बाद सबसे गरम रहा था। क्या साल 2024 से हम राहत की उम्मीद कर सकते हैं? इस साल गरमियों में कुछ इलाकों में पारा 50 डिग्री सेल्सियस के पार भी जा सकता है। शहरों को विशेष रूप से जल की व्यवस्था दुरुस्त रखनी पड़ेगी। खैर, आने वाले दिनों में अधिकतम तापमान का अनुमान नहीं लगाया जा सकता, पर आने वाली बारिश का अनुमान मौसम विभाग ने लगा लिया है। इस साल जून और सितंबर के बीच सामान्य से अधिक मानसूनी बारिश होने की संभावना है। ध्यान रहे, पिछले वर्ष देश में सामान्य से कम बारिश हुई थी, इसलिए इस बार सामान्य से अधिक बारिश किसी खुशखबरी से कम नहीं है। पूर्वानुमान के अनुसार, देश भर में वर्षा की कुल मात्रा पांच प्रतिशत की त्रुटि आशंका के साथ लंबी अवधि के औसत का 106 प्रतिशत रहेगी। वैसे मई के अंत में मौसम विभाग बारिश से जुड़े सुनिश्चित अनुमान लगाने में सक्षम होगा। फिलहाल, समुद्री तापमान के ढर्रे में अपेक्षित बदलाव और उत्तरी गोलार्ध में बर्फ की मात्रा को देखते हुए सामान्य से अधिक बारिश का अनुमान लगाया गया है। अभी भूमध्यरेखीय प्रशांत क्षेत्र में मध्यम अल नीनो की स्थिति बनी हुई है। देश में सामान्य से अधिक मानसून की 31 प्रतिशत संभावना है, जबकि सामान्य से कम मानसून की 8 प्रतिशत संभावना है और कमजोर मानसून की केवल दो प्रतिशत संभावना जताई गई है। वास्तव में, हमें मौसम के बारे में समग्रता में सोचना चाहिए। ज्यादा गरमी भी ठीक नहीं और न ज्यादा बारिश, पर जलवायु परिवर्तन का जो हाल है, उसके अनुसार, हमें दोनों ही परिस्थितियों के लिए तैयार रहना चाहिए। साथ ही, एक बार जरूर सोचना चाहिए कि अत्यधिक तापमान या अत्यधिक बारिश की स्थिति से बचने के लिए हम क्या कर सकते हैं। चुनाव के समय में पर्यावरण या मौसम राजनीति का केंद्रीय विषय भले न बना हो, पर लोगों के लिए यह विषय महत्वपूर्ण होना चाहिए।*

# नाम बड़ा है कि काम, इस झगड़े में मत पड़ो, काम बड़े करते चलो, नाम अपने आप हो जाता है



-पाठकपक्ष डेस्क-

मनुष्य को अपने जीवन में मान,नाम और शान की इच्छा होती ही है, चाहे वो ऊपर से कितना भी कहे। हमारे नाम के साथ हमारी पहचान और हमारा अस्तित्व तक जुड़ा होता है। लेकिन कितने आश्चर्य की बात है कि हमारे वेद शास्त्रों और स्मृतियां आदि अपौरुषेय है, मतलब जिन ऋषियों, मनीषियों ने उनकी रचना की, उन्होंने अपना नाम गुप्त रखा, या यूं कहें कि उन्होंने उनकी रचना के लिए कोई श्रेय तक लेना नहीं चाहा। कहते हैं कि जब भी कोई श्रेष्ठ रचना कर्म कर रहा होता हैं,वो उसमें इतना तल्लीन होना है कि वह अपने आप से ऊपर उठ जाता है, मतलब उसमें अपने नाम रुप की बू ही खत्म हो जाती है। जो भी अपने कार्य में खो जाता है, मतलब अपना सब कुछ दांव पर लगा देता है,तब ही वह कलाकार, लेखक जो भी हो वह अपने कृति के साथ एक हो जाता है, तभी उन क्षणों में वह श्रेष्ठतम रचना कर पाता है। ऐसे ही मुझे अमेरिका के महान लेखक मार्क ट्वेन के बारे मे भी पढ़ने को मिला। उनके असली नाम के बारे में तो बहुत कम लोग जानते हैं, उनका नाम सेमुअल क्लिमेंस था। वो मिसीसिपी नदी के किनारे एक गांव गांव हेनिबल में रहते थे। बचपन में, एक दिन नदी की तरफ से सीटी की जोरदार आवाज सुनाई दी, अपने साथी, बच्चों के साथ सेमुअल भी दौड़ता हुआ नदी किनारे पहुंचा, एक स्टीमर आया था वहां, स्टीमर का कप्तान एक लम्बे बांस से नदी की गहराई माप रहा था। जहां उसने बांस गाड़ा, स्टीमर वही आकर रुका। सेमुअल को गहराई मापने का यह काम बहुत भाया, उसमें बहुत मजा आया और उसने कप्तान से पूछा कि वह गहराई क्यों नाप रहा था? कप्तान ने बताया कि स्टीमर वही खड़ा किया जा सकता है जहां पानी कम से कम दो फैदम (बारह फुट) गहरा हो। बांस में दो फैदम का निशै बना होता है, जिसे मार्क ट्वेन कहते हैं। सेमुअल को यह तो पता नहीं था कि मार्क ट्वेन क्यों कहते हैं,पर इस नाम की अवधारणा उन्हें बहुत अच्छी लगी, जिसका मतलब उनके लिए गहराई से था। बड़ा होकर यह बालक सेमुअल जब लेखक बना तो अपने असली नाम की बजाय मार्क ट्वेन नाम से लिखने लगा। अमेरिकी साहित्य के इतिहास में उसे मार्क ट्वेन के नाम से ही जाना गया, उनके लाखों पाठको में भी न जाने कितने ऐसे होंगे जिन्हें उनका असली नाम पता हो, और वो हमेशा कहते थे कि उनके लेखन में जो गहराई है उसका एक नाम मार्क ट्वेन है।

-डॉ. कमलेश कली

# भावेश ख्यालिया 46वीं रैंक के साथ पास की यूपीएससी परीक्षा



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** हिसार के पीएलए निवासी भावेश ख्यालियां अपने ताऊ, चाचा के बाद एक ही परिवार से दूसरे प्रयास में यूपीएससी में 46वीं रैंक हासिल कर गांव व परिवार का नाम रोशन किया है। उन्होंने यह उपलब्धि दूसरे प्रयास में प्राप्त की है। उन्होंने एचसीएस में 12वीं रैंक हासिल कर परिवार, गांव व क्षेत्र का गौरव बढाया है।

भावेश ख्यालिया ने बताया कि बैगर कोचिंग लिए उन्होंने हिसार में घर पर रहते हुए 15 से 16 घंटे नियमित रूप से पढ़ाई की और सफलता हासिल की है। मूल रूप से भिवानी के तहसील तोशाम के गांव झांवरी निवासी भावेश ख्यालिया के ताऊ डा. युद्धबीर सिंह ख्यालिया 1983 में एचसीएस चयनित हुए थे और उसके बाद उनके चाचा राजेश ख्यालिया भी 1999 में एचसीएस चयनित हुए। लगभग 24 साल बाद एक बार फिर भावेश ख्यालिया ने यूपीएससी में 46वें रैंक के साथ चयनित होकर अपने परिवार व गांव का परचम लहराया है। भावेश ख्यालिया ने टाटा इंस्टीट्यूट आफ सोशल साईंस (हैदराबाद) से 2020 में ग्रेजुएशन किया और उन्होंने ताऊ डा. युद्धबीर सिंह ख्यालिया व चाचा राजेश ख्यालिया से प्रेरित होकर कोरोना काल के दौरान समय का पूरा फायदा उठाते हुए घर पर ही तैयारियों में जुट गए। इतना ही नहीं, भावेश ख्यालिया ने एचसीएस भी 12वीं रैंक के साथ पास की थी, उनका सपना व जिद्द यूपीएससी की परीक्षा अच्छे रैंक से पास करना था, पहले प्रयास में उन्होंने यूपीएससी की परीक्षा में 280वां रैंक हासिल किया था, लेकिन परिणाम से संतुष्ट नहीं हुए और दूसरे प्रयास में 46वीं रैंक के साथ यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली।

भावेश ख्यालिया की मा. सुशीला ख्यालिया शिक्षिका हैं, जिन्होंने वीआरएस ले लिया था, जबकि उनके पिता राजकुमार ख्यालिया गवर्नमेंट कालेज सिवानी से प्राचार्य के पद से 30 नवंबर 2022 को सेवानिवृत हुए थे। सबसे बड़े ताऊ सतबीर ख्यालिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय से प्राचार्य सेवानिवृत हैं। ताऊ कुलदीप ख्यालिया गांव में सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ कर भाग लेते है और गांव के सरपंच रह चुके हैं। इस उपलब्धि पर ग्रामीण एक-दूसरे को बधाइयां देने में लगे हुए हैं, वहीं परिजनों के पास बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

भावेश ख्यालिया ने कहा कि परिवार में कामयाबी की शुरूआत ताऊ डा. युद्धबीर सिंह से हुई और उसी विरासत को उन्होंने आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी से मेहनत करते रहने से एक दिन सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय माता-पिता, ताऊ, परिवार के अन्य सदस्यों व दोस्तों को दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को जीवन में कभी भी हार नहीं माननी चाहिए और कड़ी चुनौतियों का कड़ी मेहनत से सामना करना चाहिए और सफलता अपने आप आपके कदम चुमेगी। इसमें भावेश की पत्नी कीर्ति ख्यालिया के सहयोग की अहम भूमिका रही।

भावेश ख्यालिया ने बताया कि अधिकांश लोगों के पास उनका निर्धारित लक्ष्य या प्लान नहीं होता, जबकि यह काफी आवश्यक है। हम जीवन में जो पाना चाहते हैं, उसे पाने के लिए पूर्व निश्चित कर लें कि हम किस दिशा में जाना चाहते हैं।

# एचकेएसडी गर्ल्ज सी. सै. स्कूल में रामनवमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** नागोरी गेट स्थित श्री एच के एस डी गर्ल्ज सी. सै. स्कूल में मंगलवार को रामनवमी के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के प्रधान कैलाश चन्द्र चौधरी एडवोकेट ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रामायाण नाटिका द्वारा बुराई पर अच्छाई की विजय को दर्शाया गया। कार्यक्रम में भजन, नृत्य, भाषण, फेंसी ड्रेस व विद्यार्थियों की आर्ट कला व चौपाइयों द्वारा श्री राम के नाम का महत्व व उनके आदर्श व्यक्तित्व को बखूबी दर्शाया गया। प्राचार्य रेनु मल्होत्रा ने रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए छात्राओं को श्री राम के आदर्श गुणों को अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि व प्रबन्धक कमेटी के सदस्यों ने कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### Name Change

I, Anuradha W/o Rakesh Kumar R/o Vill. Manak Diwan, PO Darba Kalan, Distt. Sirsa 125055 declare that I have changed my name from Anuradha to Anuradha Beniwal for all future purpose.

- Deponent

### Name Change

I, Subhash Chander Verma S/o Nagar Mal R/o VPO Nandha, Distt. Dadri, Haryana declare that I have changed my name from Subhash Chander Verma to Subhash Chander for all future purposes.

- Deponent

# कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का परित्याग न करें : पं. प्रहलाद मिश्र



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 17 अप्रैल :** रामपुरा मौहल्ला स्थित गीता भवन में चैत्र नवरात्रों के उपलक्ष में चल रहे रामचरितमानस-प्रवचन व संकीर्तन के आठवें दिन श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए अंतर्राष्ट्रीय कथा व्यास श्रीधाम अयोध्या से आये पं. प्रहलाद मिश्र, रामायणी ने कहा कि धर्म का तत्व अत्यंत सूक्ष्म और गहन है परंतु अपने महापुरुषों के बताये हुए मार्ग पर चलने से वह तत्व की प्राप्ति हो जाती है। कठिन परिस्थितियों में भी धर्म का परित्याग नहीं करना चाहिये। धैर्य धर्म का पहला लक्षण है। उन्होंने कहा कि सत्संग वह लाभ है, जिसमें कभी भी कोई हानि नहीं होती और कोई मूल धन भी नहीं लगाना पड़ता है परंतु इस लाभ को पाने के लिये भगवद् कृपा ही एक मात्र रास्ता है। सत्संग कीर्तन के दौरान भजन गायक सुमित मित्तल व शुभम अरोड़ा ने भजनों की वर्षा की। आज की सत्संग सभा में सभा की प्रधान उषा बक्शी, महामंत्री दयानंद बंसल, कोषाध्यक्ष गगन ओबरॉय, नंदलाल धमीजा, विजय चावला, रामशरण भुटानी, गंगाधर पाल, श्याम सुंदर शर्मा, पं. सत्यवान शर्मा, ओ.पी. असीजा, किशनलाल बागड़ी, कृष्ण शर्मा, राज रानी गुप्ता, वीना बंसल, सुषमा बंसल, स्नेह बंसल, संतोष नागपाल, सुषमा बजाज, वीना बंसल सहित अनेक श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।

## *भगवान श्री राम का अवतरण मनुष्यों को आचरण व मर्यादा की शिक्षा देने के लिए हुआ : संतोषी माता*

# श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में नवरात्र महोत्सव सम्पन्न



पाठकपक्ष न्यूज

**हिसार, 17 अप्रैल :** मां भगवती पूजन एवं शतचंडी पाठ के पश्चात यज्ञ-हवन एवं कन्या पूजन और विशाल भंडारे के साथ श्री आद्य शक्ति पीठ मां संतोषी आश्रम में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा नवरात्र महोत्सव सुख-शांति की कामना करते हुए आज रामनवमी के शुभावसर पर सम्पूर्ण हो गया। इस आयोजन की मुख्य यजमान महामंडलेश्वर स्वामी संतोषी माता थी। अन्य यजमानों में बीकानेर, भिवानी, सिरसा व हिसार के 11 यजमान सम्मलित रहे। हरिद्वार से पधारे 12 वैदिक विद्वानों ने सभी यजमानों को सुख, शांति व समृद्धि का आशीर्वाद दिया तथा विधि विधान से पूजा करवाई व पाठ किया। मां महिमा व श्रीमद् भावगत गीता पर चल रहेह प्रवचनों में राम नवमी के शुभावसर पर श्री राम जन्म उत्सव भी धूमधाम से मनाया गया। भजन गायक निशा शर्मा ने अपने भजनों द्वारा भगवान श्री राम का गुणगान किया। उनके भावपूर्ण भजनों पर श्रद्धालुगण झूम उठे। व्यास पीठ से महामंडलेश्वर संतोषी माता ने बताया कि भगवान श्री राम का अवतरण मनुष्यों को आचरण व मर्यादा की शिक्षा देने के लिए हुआ था। भगवान राम ने मर्यादा पुरूषोत्तम राम के रूप में मनुष्यों के लिए कल्याणकारी आदर्श स्थापित किए। माता श्री ने समझाया कि जो मनुष्य भगवान श्री राम द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलता है उसे जीवन में कभी कोई दुख नहीं होता। व्यास पीठ पर विराजमान होने पर पीठ कमेटी के उपाध्यक्ष कल्याण सागर सरदाना ने माता श्री को तिलक करके व माला अर्पण करके उनका स्वागत किया। मोहाली से पधारे अशोक कत्याल, बीकानेर से सरोज दरगड़, समाजसेवी विजय ढल ने भी माता श्री को माला अर्पण करके आशीर्वाद ग्रहण किया। सत्संग में राजमल काजल, गौत्तम अग्रवाल, सुभाष बंसल, लोकनाथ सिंगल, कमल गोयल, मदन लाल गोयल, अशोक बंसल, अनिल महता, सुशील बुडाकिया, राजेंद्र नांगरू, आरपी गुप्ता व रमेश चुघ सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित रहे।

# सुण मौल्लड़ की



छत्तीसगढ़ में 25 लाख के इनामी लीडर सहित 29 नक्सली ढेर।

**सीमा सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी।**

# कैसा रहेगा आपका कल

**मेष :** वाह चलाते समय सावधानी बरते। कोई नया कार्य आरंभ न करे। मानसिक तनाव रहने से मन में खिन्नता बढेगी। लक्ष्मी माता की पूजा करे।
**वृषभ :** पुराने रोगों से छुटकारा मिलेगा। महत्वपूर्ण निर्णय लेने से लाभ होगा। प्यार के मामलों में सफलता मिलेगी।
**मिथुन :** प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। बातचीत में नरमी बरते। भौतिक सुख-सुविधा पर खर्च संभव है।
**कर्क :** नई जिम्मेदारी आने से व्यस्तता बढेगी। पुरानी बाते भूलाकर नई शुरूआत करेंगे। दुविधा की स्थिति से छुटकारा मिलेगा।
**सिंह :** मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न होंगे। अनिड़ा का शिकार हो सकते है। खर्च की अधिकता परेशान करेगी। गाय माता की सेवा करे।
**कन्या :** वक्तिव्य में निखार आएगा। आपके स्त्रोत बढेंगे। निजी संबंधों में मधुरता बढेगी।
**तुला :** नई योजनाओं की शुरूआत लाभकारी रहेगी। नौकरी तलाश रहे लोगों को सफलता मिल सकती है। मान सम्मान में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक :** राजकीय मामलों में पक्ष मजबूज होगा। उच्चवर्गीय लोगों का साथ प्राप्त होगा। कारोबारी यात्रा लाभकारी रहेगी।
**धनु :** पूंजी निवेश करने से बचे। यात्रा न करो मेहनत का पूरा लाभ मिलना मुश्किल है। भगवान हनुमान जी की पूजा करे।
**मकर :** यात्रा सुखद रहेगी। स्त्री वर्ग से लाभ होने की संभावना। अविवाहित विवाह की चर्चाओं को लेकर उत्साहित रहेंगे।
**कुंभ :** अत्यधिक गुस्सा करने से बचे। शत्रु पक्ष से सावधी बरते। उधार के लेन-देन से बचे। भगवान कृष्ण जी की पूजा करे।
**मीन :** बच्चों के भाग्योद से प्रसन्नता बढेगी। परिवार में खुशी का वातावरण बना रहेगा। प्रियजन से मुलाकात सुखद रहेगी।



**ज्योतिषी मोहित वशिष्ठ**
**नक्षत्र एस्ट्रोलोजी, प्रथम तल 12-एन, माडल टाउन मार्केट, हिसार (मो. : 94666-69799)**

# नवरात्रि में मां भगवती की विशेष कृपा बरसती है : माता धर्मावती

## *श्री काला माता मंदिर में अष्टमी पर हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन*



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** बैंक कालोनी स्थित श्री काला माता मंदिर में नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर संकीर्तन, हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में माता धर्मावती के पावन सानिध्य में इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। संकीर्तन में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए माता धर्मावती ने कहा कि नवरात्रि में देवी मां भगवती की विशेष कृपा बरसती है। इसलिए जो भी भक्त सच्चे हृदय से मां की पूजा, आराधना करता है मां उसके सभी मनोरथ पूर्ण करती है। उन्होंने बताया कि आज अष्टमी के अवसर पर बैंक कालोनी स्थित श्री काला माता मंदिर में हवन-यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। कल नवमी पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा संचालित श्री महावतार धाम बड़वा में कीर्तन, हवन-यज्ञ व भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और संकीर्तन, हवन-यज्ञ में शामिल होकर भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

# डी.पी.एस. के विद्यार्थियों ने जीते 20 मैडल



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** सिल्वरजोन ओलिंपियाड फाउंडेशन नई दिल्ली द्वारा विभिन्न विषयों के लिए आयोजित ओलिंपियाड एग्जाम में दिल्ली पब्लिक स्कूल हिसार के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। इंटरनेशनल ओलिंपियाड कोर्डिनेटर डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि इन परीक्षाओं में पहली से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें कक्षा 12 के विद्यार्थी हर्ष कालरा ने साइंस व मैथ दोनों विषयों में टॉप 100 स्टेट रैंक के साथ कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्कूल के विद्यार्थियों ने साइंस विषय में 7 गोल्ड मैडल, 4 सिल्वर मैडल, 3 ब्रान्ज मैडल और मैथ विषय में 4 गोल्ड मैडल, 1 सिल्वर व 1 ब्रान्ज़ मैडल जीते। इस उपलब्धि पर विद्यालय चेयरमैन मुंशीराम और प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने विजेता विद्यार्थियों, अभिभावकों व अध्यापकों को बधाई व शुभकामनाएं दी।



# फसल उठान कार्यों में ढिलाई बरतने पर नपेंगे लापरवाह अधिकारी

**उपायुक्त प्रदीप दहिया ने हांसी तथा नारनौंद अनाज मंडी का दौरा कर चेताया, फसल खरीद प्रबंधों की समीक्षा की, आढ़तियों और किसानों से भी ली प्रतिक्रियाएं**

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को हांसी तथा नारनौंद अनाज मंडियों का दौरा कर फसल खरीद प्रबंध का जायजा लिया। उन्होंने सख्त लहजे में अधिकारियों से कहा कि यदि मंडियों में फसल खरीद उपरांत उठान कार्यों पर लापरवाही बरतने के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने आढतियों और किसानों से भी फसल खरीद और मंडियों की व्यवस्थाओं के बारे में प्रतिक्रियाएं ली।




उन्होंने उपायुक्त को अवगत करवाया कि फिलहाल मंडियों में व्यवस्था दुरुस्त है। उपायुक्त ने अनाज मंडियों में किसानों को उपलब्ध करवाए जाने वाली पानी, लाइटिंग, बारदाना, तिरपाल व अन्य तमाम मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अनाज मंडियों में किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि बहुत ही खुशी का विषय है कि इस वर्ष फसल की बंपर पैदावार होने की संभावना है। फसल की ज्यादातर कटाई कंबाइन मशीन से होने के कारण फसल की अधिक मात्रा में एक साथ मंडियों में आवक हो सकती है। इसके लिए तमाम आवश्यक प्रबंध पूर्ण करके रखें। अनाज मंडियों व फसल खरीद केंद्रों से फसलों के उठान कार्य में और तेजी लाएं ताकि किसानों को फसल उतारने में किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा कि गोदामों में अनलोडिंग के स्टाफ कर्मी बढ़ाने और सरसों का उठान कार्य भी शीघ्र पूरा करवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने लिफ्टिंग व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और इसके लिए पर्याप्त वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अनलोडिंग पॉइंट पर पर्याप्त मैन पावर उपलब्ध होनी चाहिए।

इस अवसर पर हांसी के एसडीएम मोहित महराणा, नारनौंद के एसडीएम प्रवीण कुमार, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अमित कुमार, तहसीलदार अनिल कुमार, मार्केट कमेटी के सचिव रामकुमार लोहान, राज्य व्यापार मंडल के प्रधान राम अवतार, वेयर हाउस कॉरपोरेशन से देवेंद्र शर्मा, बजरंग बंसल, कैलाश बंसल, सत्यवान मित्तल, राजेश मलिक, मोहित, विकास जाखड़, मनोज गोयल, विवेक व मंडी के कई आढ़ती मौजूद रहे।

### अब तक जिले में 65181 मेट्रिक टन गेहूं की हो चुकी खरीद

पिछले साल जिले के सभी अनाज मंडियों में कुल 422057 मीट्रिक टन फसल की खरीद गई थी। इस साल अब तक 65181 मीट्रिक टन की खरीद हो चुकी है। इसमें खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 21434 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 33177 मीट्रिक टन तथा हरियाणा वेयरहाउस कॉरपोरेशन द्वारा 10570 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। सभी मंडियों में फसल खरीद तथा उठान का कार्य जोरों से चल रहा है।

### उपायुक्त ने सुनी दुकानदारों की समस्या, तुरंत समाधान करने के लिए निर्देश

नारनौंद अनाज मंडी का दौरा करने से पहले उपायुक्त प्रदीप दहिया ने स्थानीय दुकानदारों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिन में कम से कम दो-तीन बार शहर के बीचो-बीच गुजरने वाले निर्माणाधीन हाईवे पर पानी का छिड़काव करने के निर्देश दिए ताकि धूल इत्यादि से दुकानदारों को कोई परेशानी नहीं हो। उन्होंने यह भी कहा कि अनाज मंडियों से गोदाम तक जाने वाले रास्ते दुरुस्त होने चाहिए ताकि वाहन सुगमता से गोदाम तक पहुंच सके।

# घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें कार्यकर्ता : नैना चौटाला

**जजपा लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला को प्रत्याशी बनाए जाने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल, हुआ नई ऊर्जा का संचार**

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** कार्यकर्ता किसी भी पार्टी कि रीढ़ होते हैं। इसलिए दस की दस लोकसभा सीटें जीतने के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता प्रतिदिन घर-घर जाकर पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करे। हर महिला खुद को नैना चौटाला समझ कर घर-घर जाकर वोट मांगे। तभी हम लोकसभा में हरियाणा के किसान, कमेरे व मजदूर वर्ग की आवाज बुलंद करने की ताकत पा सकेंगे। यह बात हिसार से जननायक जनता पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती नैना चौटाला ने आज नलवा शहरी क्षेत्र में धुआंधार प्रचार अभियान के दौरान पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों को पार्षद रुपाली शर्मा के शांति कुन्ज में सम्बोधित करते हुए कही। नैना चौटाला के हिसार लोकसभा प्रत्याशी घोषित होते ही कार्यकर्ताओं में खुशी की जबरदस्त लहर देखने को मिली व वर्करों में नई ऊर्जा का संचार हो गया। लोकसभा प्रत्याशी नैना चौटाला ने आज नलवा विधानसभा के शहरी क्षेत्र में आने



वाले कैमरी रोड़, शांति कुंज, श्याम विहार, सेक्टर 15, फ्रेंड्स कॉलोनी, जवाहर नगर, पटेल नगर, नन्द विहार, आजाद नगर आदि में एक दर्जन से अधिक चाय कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। सभी कार्यक्रमों में पहुंचने पर हिसार प्रत्याशी नैना चौटाला का लोगों ने फूलमालाएं पहना कर व जयघोष के जोरदार नारे लगाकर बहुत ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। श्रीमती नैना चौटाला ने आह्वान किया कि दुष्यंत के संघर्ष को ताकत देते हुए पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता घर-घर जाकर गठबंधन सरकार में रहते व हिसार में सांसद रहते दुष्यंत द्वारा किए गए जन कल्याणकारी कार्यों व पार्टी कि नीतियों का जोरशोर से प्रचार-प्रसार करे और आने वाले लोकसभा चुनावों के लिए वोट मांगे। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए कि दुष्यंत जैसा युवा, शिक्षित और संघर्षशील व्यक्ति हमारा नेता है जिसने सिमित ताकत होने के बावजूद सरकार को किसान, कमेरे, मजदूर और गरीब के हक में नितियाँ बनाने और काम करने के लिए मजबूर कर दिया। प्रदेश कि जनता आशीर्वाद देकर पूरी ताकत अगर पार्टी को देती है तो डॉ. अजय सिंह के मार्गदर्शन और दुष्यंत के नेतृत्व में हम निश्चित ही हरियाणा को नई ऊंचाइयों तक लेकर जाएंगे। प्रचार अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने एक स्वर में कहा कि हिसार लोकसभा कि जनता नैना चौटाला जी को भारी बहुमत से जिताकर संसद में भेजने का काम करेगी। इस अवसर उनके साथ मुख्य रूप से जजपा जिलाध्यक्ष अमित बूरा, जिला प्रभारी मा. ताराचंद, डॉ. अजीत ओडीएम, सुनील मुंड, हल्काध्यक्ष राजेश रावलवास, नलवा के पूर्व प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी भोजराज,पार्षद प्रतिनिधि अनिल शर्मा , कृष्ण गंगवा,सतपाल पालू, तरुण गोयल, राजेंद्र चुटानी महिला जिलाध्यक्ष सुमित्रा मंगाली, हल्काध्यक्ष मोनिका भर्री, चित्रा डाबड़ा, गुलाब सिंह खेदड़, विपिन गोयल, भरत सिंह बैनिवाल, संदीप जेवरा पार्षद, कमल कायत पार्षद, सुनील माजरा पार्षद, पवन गंगवा, डॉ. अमित पिलानिया, सतबीर कस्वां, सहदेव सिहाग, नितिन पपनेजा, आदि मौजूद थे।

**उपायुक्त ने हांसी-नारनौंद क्षेत्र में सड़क निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण**

# धीमी गति को लेकर अधिकारियों से जवाब मांगा, कार्य में तेजी लाने को लेकर एक सप्ताह का दिया अल्टीमेटम

*हिसार शहर की तर्ज पर ही नारनौंद शहर के मुख्य मार्ग पर लगाई जाएंगी लाईटें*

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** उपायुक्त प्रदीप दहिया ने मंगलवार को हांसी-नारनौंद क्षेत्र का दौरा किया और सड़क् निर्माण कार्यों की धीमी गति को लेकर अधिकारियों से जवाब तलबी की। उन्होंने पूछा कि हांसी-जींद मार्ग तथा नारनौंद शहर में मुख्य मार्ग की फोरलेनिंग के कार्य शुरू होने के बावजूद सुस्ती क्यों दिखाई जा रही है। नारनौंद पहुंचने पर उपायुक्त प्रदीप दहिया ने सबसे पहले नारनौंद शहरी क्षेत्र में मुख्य मार्ग की फोरलेनिंग के कार्य की समीक्षा की। इस मार्ग का निर्माण कार्य 14 अक्टूबर 2023 का आरंभ हुआ था, यहां 3.20 किलोमीटर के रोड़ की फोरलेनिंग करवाई जानी है। नारनौंद शहरी क्षेत्र में सीसी फोरलेन रोड के निर्माण पर 1122.60 लाख रुपये की राशि खर्च की जानी है। इसका 30 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने इस मार्ग पर कार्य रोके जाने का कारण पूछा तो उन्हें अवगत करवाया गया कि तकनीकी कारणों से ट्रेजरी से ठेकेदार को अदायगी में दिक्कत हो रही थी। मामले में हस्तपेक्ष के बाद ठेकेदार की अदायगी करवा दी गई और उपायुक्त को अवगत करवाया गया कि अब तेज गति से फोरलेनिंग का कार्य पूर्ण करवा दिया जाएगा। लोगों द्वारा इस क्षेत्र में धूल उड़ने से हो रही दिक्कत के बारे में अवगत करवाए जाने पर उपायुक्त ने नियमित रूप से यहां पानी का छिड़क़ाव करवाने



के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने हिसार शहर की तर्ज पर ही इस मुख्य मार्ग पर लाईटें लगाई जाने की हिदायत भी दी। इस उपरांत उन्होंने हांसी-जींद रोड के लगभग 26 किलोमीटर भाग पर निर्माण कार्य संबंधी जानकारी ली। उन्हें अवगत करवाया गया कि इस मार्ग का निर्माण कार्य 6 मार्च 2024 को आरंभ हुआ था। हांसी-जींद रोड के पुनर्निर्माण पर 1330 लाख रुपये की लागत आएगी। इसके लिए विभिन्न स्थानों पर निर्माण सामग्री की व्यवस्था कर ली गई है और जल्द ही इस कार्य को भी तेज गति से पूरा करवाया जाएगा। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी ईमानदारी के साथ गुणवत्ता मानक चेक करने के साथ ही नियमित रूप से सडक् निर्माण का निरीक्षण करें। सड़क निर्माण के समय नियमित निरीक्षण कर गुणवत्ता मानक से सामग्री का प्रयोग कराना सुनिश्चित करें ताकि सड़क लंबे समय तक टिक सके।

# मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश स्तर पर हुई संगठनात्मक नियुक्तियां

- **हुकम सिंह भाटी भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक, पीयूष मेहता सह संयोजक व सुरेश चौधरी प्रदेश प्रभारी नियुक्त**
- **हरीश चौधरी को डिजिटल मीडिया प्रभारी व समन्वयक एवं महेश मेहता को प्रिंट मीडिया प्रभारी का दायित्व सौंपा**

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए सहकारिता प्रकोष्ठ की प्रदेश संगठनात्मक नियुक्तियां कर दी हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार हुकम सिंह भाटी को सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक व सुरेश चौधरी को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है। इसी भांति पीयूष मेहता, मनमोहन गुज्जर व रविंद्र जागलान को प्रदेश सह संयोजक का दायित्व दिया गया है। सहकारिता प्रकोष्ठ में ही हरीश चौधरी को डिजिटल मीडिया प्रभारी व समन्वयक का दायित्व दिया गया है जबकि महेश मेहता को प्रिंट मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



जिला संयोजक नियुक्त करके सहकारी प्रकोष्ठ को सशक्त बनाने का काम किया गया है। सतीश शर्मा को फरीदाबाद, जावेद को मेवात, नूंह, सुरेंद्र भादू को सिरसा, रामजतन को यमुनानगर, संजय सेहरा को हिसार, राधाकृष्ण नारंग को फतेहाबाद, नरेश कौशिक को रोहतक, नीलम अहलावत को झज्जर, धीरज यादव को रेवाड़ी, पवन खेरवाल को महेंद्रगढ़ व नरेंद्र भारद्वाज को गुरुग्राम का जिला संयोजक बनाया गया है। इसी भांति अगस्त वशिष्ठ को कैथल, बलबीर राणा को कुरुक्षेत्र, हरपाल कलमपुरा को करनाल, विनोद संधू को पानीपत, प्रदीप नरवाल को सोनीपत, सुरेंद्र प्रजापति को जींद, सुनील सैनी को भिवानी, राजेश द्वारका को दादरी, विनोद कुमार को पंचकूला, बृजपला खुड्डा को अंबाला व देवेंद्र चौधरी को पलवल का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

सतपाल शर्मा, मोहम्मद हाकिम, प्रतीक, सुनील शर्मा, वासुदेव शर्मा, नरेश गोयल, रविंद्र राणा, रवि राणा, सुरेश कुमार, सुनील कत्याल, हुकम सिंह लठवाल, अशोक कुंडू, धर्मेंद्र मानेसर, मंजीत, राजेश सिंह, सत्यपाल अहलावत व दिनेश कुमार को सहकारिता प्रकोष्ठ का सदस्य बनाया गया है।

सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों व सदस्यों ने नियुक्ति के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए अपने दायित्वों को निष्ठा से निभाने की बात कही है। हरीश चौधरी व महेश मेहता ने कहा कि भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के माध्यम से जनहित की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग व हर समुदाय के हित के कार्य किए हैं। गरीब, मजदूर, किसान, महिलाओं, व्यापारी व नौकरीपेशा सहित हर वर्ग की बेहतरी के लिए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं।

### सहकारी संघों के भी बनाए प्रदेश प्रभारी

सहकारी हरको बैंक संघ का प्रभारी मनप्रीत सिरस्वा, सहकारी दुग्ध संघ का तरुण यादव, सहकारी चीनी मिल संघ का विकास बिश्नोई, सहकारी पर्यटन एवं परिवहन फैड का हरीश कौशिक, सहकारी हाउसिंग फैड का राजेंद्र गोदारा, सहकारी लेबर संघ का पवन गोयल एवं हैफेड संघ का छोटेलाल को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# राजेश हिन्दुस्तानी शासन-प्रशासन नेताओं को कर रहे खबरदार, हो जाओ होशियार मत करो हादसों का इंतजार

**महाबीर कालोनी जलघर की टूटी दीवार की ओर नहीं शासन-प्रशासन का कोई ध्यान : राजेश हिन्दुस्तानी**

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** जागो मानव-बनो इंसान संस्था के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी शासन-प्रशासन नेताओं ने कहा कि वे लगातार शासन प्रशासन व नेताओं को खबरदार कर रहे हैं कि वे हादसों का इंतजार ना करें। हादसा होने पर ही ना जागें। अपनी खाल बचाने को बाद में लीपापोती करके एक-दूसरे पर डालते हैं। मिलगेट में गड्ढे में प्रशासन के कारण एक बुजुर्ग महिला की मौत पिछले हफ्ते हुई और अभी महाबीर कालोनी जलघर की टूटी दीवार से प्रशासन एक माह से अधिक समय से बेखबर है जबकि लोग इसकी सूचना दे चुके हैं। राजेश हिन्दुस्तानी एसडीओ कुंवरपाल को फोन कर बताया कि महावीर कालोनी जलघर की शिव चौक पर बड़ा हिस्सा टूटकर गिरा हुआ है तो उन्होंने कहा



कि मुझे तो इस बारे में पता नहीं। हिन्दुस्तानी ने उन्हें मौके पर बुलाया तो वे बोले मैं बाद में आऊंगा। हिन्दुस्तानी ने उन्हें बताया कि बच्चे व पशु जलघर में घुसते हैं, वहां नशेड़ी भी अंदर घूमते हैं जिससे किसी की जान जाने का खतरा है। हिन्दुस्तानी ने आसपास के लोगों को अपील की है कि वे अंदर जाने से बच्चों आदि को रोकें। बड़ी गंभीर बात है कि शासन-प्रशासन, नेताओं को जनता की फिकर नहीं जबकि राजेश हिन्दुस्तानी हर जगह उन्हें खबरदार करते हैं ताकि हादसों से बचा जा सके। हिन्दुस्तानी ने कहा कि हिसार कोई नेता, अफसर नहीं जो गलत बात के सामने अड़ जाए जबकि टूटी सड़कें निरंकारी भवन रोड फाटक तक कई सालों से दुर्दशा में है वो नहीं बनाते जहां हादसे होते हैं। चंदूलाल बाग में पार्क की काफी समय से बेहद खराब हालत है, टूटे बैंच, झूले व घास आदि की शिकायत ठेकेदार को लोगों ने की तो सुनवाई न होने पर राजेश हिन्दुस्तानी को मौके पर बुलाया तो उन्होंने ठेकेदार सोनू बंसल से बात कही तो उन्होंने इसे जल्द हल करवाने की बात कही।

# हिंदी के विद्यार्थियों को भाषा की शुद्धता पर ध्यान देना चाहिए : नादान

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** राजगढ़ रोड़ स्थित राजकीय महाविद्यालय में हिन्दी साहित्य परिषद् की ओर से हिन्दी विभाग द्वारा हिन्दी उच्चारण एवं भाषा की शुद्धता विषय पर विस्तार व्याख्यान आयोजित किया गया। विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता के तौर पर प्रसिद्ध साहित्यकार एवं गीतकार सुरेश भारती 'नादान' ने शिरकत की। इस मौके पर उपस्थित एमए हिंदी के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए साहित्यकार सुरेश भारती 'नादान' ने कहा कि बच्चों को भाषा का उच्चारण एवं भाषा की शुद्धता पर ध्यान देना चाहिए,क्योंकि भाषा के शुद्ध रूप से ही हिंदी भाषा को उच्च स्थान दिलाया जा सकता है।



उन्होंने कहा कि पूरे विश्व में हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी ही एकमात्र वैज्ञानिक लिपि है। हिंदी भाषा में जैसा बोला जाता है,वैसा ही लिखा जाता है। नादान ने कहा कि अगर बोलना जानते हैं, तो सुनना भी आना चाहिए। आप में लिखने की अगर प्रतिभा है तो पहले आपको पढ़ने में रुचि लेनी चाहिए, तभी लेखन कार्य को आगे बढ़ाया जाता है। साहित्य लेखन करने से पूर्व एक हजार किताब पढ़ने के बाद ही आप एक पंक्ति लिखें। अपने विस्तार व्याख्यान को रूचिकर बनाते हुए उन्होंने बताया कि कुछ ऐसे प्रचलित शब्द हैं, जिन्हें आमतौर पर ग़लत बोला जाता है। जैसे- हज़ार को हजार, ग़ालिब को गालिब, ज़लील को जलील बोला जाता है। सिर्फ वर्ण के नीचे लगे नुक्ते की वजह से अर्थ परिवर्तन हो रहा है। जबकि ज़लील का अर्थ होता है- 'कमीना'और जलील का अर्थ होता है-'बहुत अच्छा'। महज़ नीचे लगे बिन्दु यानी नुक्ते का ही अंतर है। प्राचार्य डॉ. दीपमाला लोहान की अध्यक्षता में कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए डॉ.राजपाल ने कहा कि 'नादान' जी की लिखी रचनाओं को बॉलीवुड के मशहूर कलाकार जैसे भारत रत्न लता मंगेशकर, महेन्द्र कपूर, सुरेश वाडेकर, शान, बाबुल सुप्रियो, सपना अवस्थी आदि ने स्वर दिया। इस अवसर पर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, शमशेर सिहँ, डॉ.कमलेश, श्रीमती जीतबाला एवं समस्त एम.ए. हिन्दी के विद्यार्थी उपस्थित थे।

# आ जा मां तेनु अखिंया उड़ीक दियां.. .. ..

**काली माता मंदिर से रात भर गूंजे माता के जयकारे**

**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** नवरात्रों के उपलक्ष्य में श्रीकाली माता सेवा समिति व महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में श्रीकाली माता मंदिर, मौहल्ला रामपुरा में मां भगवती जागरण का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए मंदिर समिति के प्रधान मदन पकौड़ेवाला ने बताया कि भजन गायक तिलक वर्मा, मा. कृष्ण हांडा, सुमित मित्तल आदि ने रात भर महामाई का गुणगान किया। गाई गई भेंटों में प्यारा सजा है दरबार भवानी.., आज मैय्या का जगराता के भेटें गाएंगे.., आये नवरात्रे मैय्या के.., मेरी झोली छोटी पड़ गई रे इतना दिया तुने माता.., आजा मां



तेनु अखिंया उड़ीक दियां.., मैय्या का चोला है रंगला.. आदि मुख्य रहीं। रात भर महामाई के जयकारे गूंजते रहे। जागरण की समाप्ति पर आरती की गई व प्रशाद वितरित किया गया। इस अवसर पर आत्मप्रकाश आहुजा, शांतिस्वरुप तनेजा, विनोद वर्मा, राजेन्द्र पाहवा, जितेन्द्र सेहरा, पं. राघवाचार्य शास्त्री, सावित्री आहुजा, शीला तनेजा, संध्या चावला, निशा वर्मा,कमलेश, मीनू सेहरा, आशा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# हकृवि की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य के किसानों को मिलेगा लाभ : प्रो. बी. आर. काम्बोज

## कांगो गणराज्य के प्रतिनिधि मंडल ने किया हकृवि का दौरा




-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार की उन्नत कृषि तकनीकों, शोध कार्यों व नवाचारों का कांगो गणराज्य के किसानों को भी लाभ मिलेगा। इसी कड़ी में कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज से मुलाकात की। इस बैठक में हकृवि के अधिकारियों सहित हरियाणा के प्रगतिशील किसान भी उपस्थित रहे।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों को विश्वविद्यालय द्वारा कृषि क्षेत्र में किए जा रहे शोध कार्यों एवं उन्नत किस्म के बीजों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रतिनिधि मंडल को बासमती चावल एवं मक्का की खेती में खासतौर पर सहयोग देने पर चर्चा हुई। बैठक में सदस्यों ने कृषि क्षेत्र में निवेश करने के लिए विशेष रूप से केन्द्रीय कृषि अनुसंधान और कृषि व्यवसाय से संबंधित विभिन्न क्षेत्रों को स्थापित करने में रूचि दिखाई। उन्होंने कहा कि चावल उत्पादन के लिए संसाधनों का पता लगाने और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण की सुविधा के लिए हरियाणा के प्रगतिशील किसानों एवं कांगो के बीच सहयोग बढ़ाने हेतु विस्तार से बातचीत की गई।

प्रो. काम्बोज ने कहा कि कृषि क्षेत्र से संबंधित नवीनतम तकनीकों को अपनाकर कांगो में आर्थिक विकास को गति प्रदान की जा सकती है। हरियाणा के प्रगतिशील किसानों ने बैठक में सिंचाई की नवीनतम विधियों, जलवायु परिवर्तन, कृषि उपकरण, कृषि पद्धतियों और उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि करने हेतु स्थायी और लाभदायक पद्धति विकसित करने के लिए आपसी तालमेल बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में बीज उत्पादन, कृषि आत्मनिर्भरता, मक्का उत्पादन, जैविक उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग के अतिरिक्त भोजन की बर्बादी को कम करने, कृषि उपज में मूल्य जोड़ने, भंडारण की बेहतर व्यवस्था करने और फसल कटाई के बाद प्रसंस्करण सुविधाओं में निवेश करने पर जोर दिया।

कांगो गणराज्य के राजदूत वाबेंगा कालेबो थियो ने बताया कि प्रतिनिधि मंडलों के मध्य हुई बैठक से अंतर्राष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने, वैज्ञानिकों, विद्यार्थियों एवं किसानों से जुड़े विभिन्न महत्वाकांक्षी कार्यों को गति मिलेगी। विश्वविद्यालय की उन्नत तकनीकों व नवाचारों से कांगो गणराज्य की कृषि संबंधित तकनीकों व उपकरणों में काफी सुधार आएगा।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. केडी शर्मा ने विश्वविद्यालय की उपलब्धियों बारे विस्तृत रिर्पोट प्रस्तुत की। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने प्रतिनिधि मंडल के सभी सदस्यों का स्वागत किया। भारत सरकार के विदेश सहयोग विभाग के सलाहकार पवन चौधरी, कुलसचिव एवं विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगड़ा, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ.एस.के.पाहुजा, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. एम.एल. खिच्चड़, मौलिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता, डॉ. नीरज कुमार, मानव संसाधन प्रबंधन निदेशक डॉ. मंजु महता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. बीना यादव व डॉ. पी कीर्ति उपस्थित रहे।

**कांगो प्रतिनिधि मंडल ने हकृवि के विभिन्न स्थलों का किया दौरा**

प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विभिन्न स्थलों का दौरा किया। इन स्थलों में डॉ. मंगल सेन संग्रहालय, दीन दयाल उपाध्याय जैविक उत्कृष्टता फार्म, टिशू कल्चर लैब तथा एबिक का दौरा कर हकृवि के वैज्ञानिकों से अनुसंधान एवं तकनीक के बारे में जानकारी प्राप्त की।

# सरकार की लापरवाही और अनदेखी से मंडियों में सिर पकडकर बैठा है किसान : कुमारी सैलजा

**प्रदेश की मंडियों में फसलों का उठान न होने से किसानों की नींद उड़ी, कई जिलों में बरसात से भी फसल खराब हुई**



-पाठकपक्ष न्यूज-

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल :** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, उत्तराखंड की प्रभारी, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य कुमारी सैलजा ने कहा कि स्वयं को किसान हितेषी होने का दावा करने वाली प्रदेश की भाजपा सरकार आज किसानों की सबसे बड़ी दुश्मन बनी हुई है। किसानों की अनदेखी के चलते वह बर्बादी के कगार पर है। प्रदेश की मंडियों में अनाज बिखरा पड़ा है, और बारिश की चेतावनी के बावजूद, भाजपा सरकार अनाज को सुरक्षित रखने का कोई इंतजाम नहीं कर रही है। यह स्थिति किसानों के लिए न सिर्फ निराशाजनक है, बल्कि उनकी आजीविका पर भी प्रश्नचिन्ह खड़े करती है। प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण, किसानों को अपने अनाज को बर्बाद होते देखना पड़ रहा है। इससे साफ है कि भाजपा केवल और केवल जुमलेबाजों की सरकार है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा है कि एक ओर जहां प्रदेश की मंडियों में गेहूं और सरसों की आवक जोरो पर है वहां उनका उठान धीमा होने के चलते मंडियों में फसलों के ढेर लगे हुए। मौसम विभाग की चेतावनी के बावजूद सरकार की नींद नहीं खुली और प्रदेश में वोट वोट चिल्लाते हुए घूम रही है। शनिवार को प्रदेश के कुछ जिलों में बरसात होने से मंडियों में खुले आसमान के नीचे पड़ा गेहूं और सरसों भीग गई। इसके बावजूद मंडियों में फसलों के उठान में कोई तेजी नहीं देखी गई। मौसम विभाग से अप्रैल माह में बरसात का अलर्ट जारी किया हुआ है जिसे लेकर किसानों की नींद उड़ी हुई हैं। किसान बार बार उठान में तेजी की मांग कर रहा है पर अधिकारी और सरकार कानों में रूई डालकर बैठे हुए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की मंडियों में इस समय बारदाने की बड़ी किल्लत है जिसके चलते उठान नहीं हो रहा है जबकि सरकार ने दावा किया था बारदाने की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

कुमारी सैलजा ने कहा है कि चरखी दादरी जिले की मंडियों में करीब 1.90 लाख क्विंटल सरसों अभी तक खरीद केंद्रों में पड़ी है जिसका उठान नहीं हुआ है। भिवानी की मंडियों में साढ़े सात लाख टन सरसों का उठान नहीं हुआ है। सिरसा की मंडियों में अभी तक 67 प्रतिशत सरसों का उठान नहीं हुआ है। हिसार जिला की कुछ मंडियों में शैड की व्यवस्था न होने पर करीब 66 हजार क्विंटल सरसों खुले में रखी हुई है। सोनीपत और रोहतक में भी ऐसे ही हालात हैं। झज्जर और रेवाड़ी में भी फसलें खुले में पड़ी है वहां पर भी उठान धीमा है तो कई मंडियों में हुआ ही नहीं हैं। करनाल और कैथल में उठान को लेकर सबसे बुरे हालात है, अंबाला में तो उठान ही शुरू नहीं हुआ है।

उन्होंने कहा कि किसान खून पसीना बहाकर देश के लिए अन्न पैदा करता है, वो अन्न जिसका उचित भाव तक उसे नहीं मिलता। सरकार की लापरवाही के कारण किसान की फसल खुले में पड़ी है, जिसे बरसात से बचाने का कोई प्रबंध नहीं है और न ही उसका उठान तेजी से हो रहा है। सरकार ने आधी अधूरी तैयारी के साथ खरीद शुरू की जबकि सरकार को पता था कि खरीद शुरू होनी है तो उसके व्यापक प्रबंध होने चाहिए थे, सरकार ने मंडियों में जो भी प्रबंध होने का दावा किया वे केवल कागजों तक ही सीमित थे। अगर सरकार को किसानों की जरा भी चिंता है तो उसे मंडियों में से फसलों का उठान युद्ध स्तर पर करना चाहिए ताकि फसलों को बरसात से बचाया जा सके।

# युवा लड़कियों और महिलाओं में बढ़ती आत्महत्या की घटनाएं



-प्रियंका 'सौरभ'

*घरेलू हिंसा और शराब के दुरुपयोग को कम करके पारिवारिक माहौल को बेहतर बनाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने से आत्मघाती व्यवहार की घटनाओं को कम करने में प्रभावशीलता प्रदर्शित हुई है। लैंगिक समानता, स्वस्थ संबंधों को बढ़ावा देना और मानसिक स्वास्थ्य को समझने जैसे विषयों पर परिवारों और समुदायों को शिक्षित करना सर्वोपरि है। यह पहल हानिकारक रूढ़ियों को ख़त्म करने और खुले संवाद को बढ़ावा देने में सहायता करती है।*



-पाठकपक्ष डेस्क-

आत्महत्या, स्वयं के जीवन को समाप्त करने का जानबूझकर किया गया कार्य, विश्व स्तर पर एक चिंताजनक मुद्दा है। दुनिया भर में सबसे ज्यादा आत्महत्याओं का दुर्भाग्यपूर्ण रिकॉर्ड भारत के पास है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, अकेले 2022 में 1.71 लाख लोगों की आत्महत्या से मृत्यु हो गई। चिंताजनक बात यह है कि इनमें से 41 प्रतिशत मामलों में 30 वर्ष से कम उम्र के व्यक्ति शामिल हैं। विशेष रूप से चिंताजनक तथ्य यह है कि आत्महत्या भारत में युवा महिलाओं के बीच मृत्यु दर का प्राथमिक कारण है।

शराब और मादक द्रव्यों के सेवन को युवा आत्महत्याओं में योगदान देने वाले महत्वपूर्ण जोखिम कारकों के रूप में पहचाना जाता है। पिछले दो दशकों में, युवा व्यक्तियों के बीच इंटरनेट के उपयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बेटों के प्रति सामाजिक झुकाव के परिणामस्वरूप लड़कियों की भलाई, शिक्षा और अवसरों की उपेक्षा होती है, जिससे मूल्यहीनता और निराशा की भावना पैदा होती है।

कई युवा महिलाओं को अपनी स्वायत्तता पर सीमाओं का सामना करना पड़ता है, शिक्षा या प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं, करियर और विवाह के दबाव के कारण अक्सर उनके परिवार निर्णय लेते हैं। नियंत्रण की यह कमी शक्तिहीनता और हताशा की भावनाओं को जन्म दे सकती है।

शारीरिक, भावनात्मक और यौन शोषण के मामले व्यापक हैं, जिससे महत्वपूर्ण आघात और मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं जो आत्महत्या के जोखिम को बढ़ाती हैं।

मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों को अक्सर कलंकित किया जाता है, कमजोरी के संकेत के रूप में देखा जाता है, या परिवार के लिए अपमान का कारण माना जाता है। यह कलंक युवा महिलाओं को अवसाद और चिंता जैसी स्थितियों के लिए सहायता मांगने से रोकता है।

युवा व्यक्ति समस्या-समाधान, आवेग नियंत्रण और भावनात्मक विनियमन कौशल विकसित करने, अंततः लचीलापन और मुकाबला तंत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यक्रमों से बहुत लाभ उठा सकते हैं।

पौष्टिक आहार बनाए रखने, लगातार शारीरिक गतिविधि में संलग्न रहने, संतुलित इंटरनेट उपयोग का अभ्यास करने, सहायक सामाजिक संबंधों को बढ़ावा देने और योग और ध्यान जैसी गतिविधियों में भाग लेने सहित एक स्वस्थ जीवन शैली अपनाने से मानसिक कल्याण में वृद्धि होती है और युवा व्यक्तियों में आत्महत्या की संभावना कम हो जाती है।

घरेलू हिंसा और शराब के दुरुपयोग को कम करके पारिवारिक माहौल को बेहतर बनाने के साथ-साथ जरूरतमंद लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करने से आत्मघाती व्यवहार की घटनाओं को कम करने में प्रभावशीलता प्रदर्शित हुई है।

लैंगिक समानता, स्वस्थ संबंधों को बढ़ावा देना और मानसिक स्वास्थ्य को समझने जैसे विषयों पर परिवारों और समुदायों को शिक्षित करना सर्वोपरि है। यह पहल हानिकारक रूढ़ियों को ख़त्म करने और खुले संवाद को बढ़ावा देने में सहायता करती है।

मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों, विशेषकर महिला परामर्शदाताओं तक पहुँच बढ़ाना और एक सहायक वातावरण बनाना जहाँ युवा महिलाएँ मदद माँगने में सहज महसूस करें, महत्वपूर्ण है।

स्वास्थ्य मंत्रालय ने भारत की राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति विकसित करने के लिए एक टास्क फोर्स का गठन किया। 2030 तक आत्महत्याओं को 10 प्रतिशत तक कम करने के लिए लॉन्च किया गया, यह मंत्रालयों के बीच सहयोग पर जोर देता है और शैक्षणिक संस्थानों और युवा संगठनों का लाभ उठाने पर ध्यान केंद्रित करता है। तत्काल कदमों में राष्ट्रव्यापी प्रसार और सभी स्तरों पर कार्यान्वयन के लिए बजट आवंटन शामिल हैं।

**-प्रियंका सौरभ**

# शहत गिल के उत्साहवर्धक पॉप सिंगर, 'हुलारे' की बीट्स को महसूस करें

**अपनी आकर्षक और प्रभावशाली लिरिक्स के साथ इस गीत में लहरदार बीट्स की पृष्ठभूमि में आत्मविश्वास झलकता है**



-पाठकपक्ष न्यूज-

**करनाल, 17 अप्रैल :** उभरती हुई पॉप आईकन, शहत गिल अपना उत्साहवर्धक पंजाबी ट्रैक लेकर आई हैं। उन्होंने बहुत ही सुगमता से प्रभावशाली लिरिक्स को आकर्षक बीट्स के साथ मिश्रित कर ऐसा बेहतरीन ट्रैक बनाया है, जिसमें आत्मविश्वास के साथ स्टाईल झलक रहा है। उनका पहला गीत 'पागल ए' फीट पैंथर जून 2023 में रिलीज़ किया गया था, जिसे उत्तर भारत के लोगों ने बहुत पसंद किया। कंपोज़र और लिरिसिस्ट तरनजीत सिंह और मनप्रीत सिंह उर्फ कप्तान ने इस गीत के हर नोट में अपना पूरा अनुभव और रचनात्मकता डाल दिए हैं। इस डायनामिक ट्रैक के साथ शहत गिल ने म्यूज़िक वीडियो में अपना आत्मविश्वास और आकर्षण पूरे वैभव के साथ पेश करके बहुत ही सुंदर दृश्य निर्मित किए हैं। इसके आकर्षक विज़्युअल और डायनामिक कोरियोग्राफी ने मिलकर उनकी प्रभावशाली उपस्थिति का जश्न मनाते हुए बहुत ही दिलचस्प विज़्युअल और ऑडियो अनुभव उत्पन्न किया है। इसकी तीव्र धुन और मंत्रमुग्ध कर देने वाली लय के साथ यह ट्रैक पंजाबी पॉप म्यूज़िक का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन जाएगा, जो उद्योग में एक उभरते हुए सितारे के रूप में शहत गिल की पहचान को मजबूत करेगा। अपने इस नए गीत के बारे में शहत ने कहा, ''सबसे पहले मैं अपने पहले गीत पागल ए को दर्शकों से मिले प्यार व स्नेह के लिए उन्हें धन्यवाद देती हूँ। 'हुलारे' एक डायनामिक गीत है, जिसके हर पहलू में आत्मविश्वास झलक रहा है। पंजाबी संगीत जो इच्छाशक्ति और स्वैग जगाता है, वह अतुलनीय है, और 'हुलारे' के साथ मैं चाहती हूँ कि हर कोई उस आत्मविश्वास को महसूस करे। मैं यह गीत दर्शकों द्वारा सुने जाने और इसके लिए उनका स्नेह पाने के लिए बहुत रोमांचित हूँ।''

## छात्राओं में लेखन एवं व्याख्यान कौशल का विकास आवश्यक : प्राचार्य डॉ. रमेश आर्य

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** राजकीय महिला महाविद्यालय हिसार में 16 अप्रैल को संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्कृत महाकवि कालिदास विषय पर लेखन कार्य हुआ। प्राचार्य डॉक्टर रमेश आर्य ने छात्राओं को बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में लेखन एवं व्याख्यान कौशल का विकास करना है। इस अवसर पर संस्कृत विभाग अध्यक्ष डॉक्टर अमित कुमार मौजूद रहे, जिनके द्वारा संस्कृत साहित्य का महत्व छात्राओं को बताया गया एवं महाकवि कालिदास के जीवन के बारे में छात्राओं को विस्तृत रूप से अवगत कराया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान द्वितीय वर्ष की छात्रा कर्मो द्वितीय स्थान निशा एवं तृतीय स्थान पायल ने प्राप्त किया।

# सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती सभा का आयोजन

-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 17 अप्रैल :** सर्वोदय भवन गांधी अध्ययन केंद्र हिसार में 'बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती' सभा का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्या वक्ता प्रोफेसर अशोक श्योराण ने डॉ भीमराव अम्बेदकर के जीवन पर बोलते हुए बताया कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर अपने समय के बहुत महान विद्यार्थी रहे हैं जो विदेश में पैसा कमाने के लिए नहीं, बल्कि शिक्षार्थ गये और सेवार्थ भारत लौटे। वक्ता ने बताया कि भारतीय समाज में भयंकर रूप से व्याप्त जातीय भेदभाव और दलितों तथा वंचितों से साथ अन्यायपूर्ण व्यवहार को भीमराव अम्बेडकर ने केवल देखा ही नहीं, बल्कि स्वयं झेला भी, लेकिन कमाल की बात थी कि कभी अम्बेडकर ने किसी को शिकायत नहीं की। उनके शैक्षणिक ज्ञान का लोहा मानते हुए उनको भारत के संविधान निर्माण का काम सौंपा। विश्व का सबसे बड़ा और सबसे सार्थक संविधान का निर्माण हुआ जिसमें गरीब, अमीर, किसान, मजदूर, महिला सुरक्षा, नारी उत्थान, जाति धर्म को लेकर सबमें समरसता, आर्थिक समानता, सबको न्याय और हर अंतिम नागरिक के हितों और उनके कल्याण की बात जोड़ी गयी है जो हर प्रकार से भारत के संविधान को अनूठा बनती और बताती है। वक्ता ने बताया कि बाबा साहेब ने अपनी दूर दृष्टि का परिचय देते हुए एक नारा दिया था 'शिक्षित बनो संगठित रहो' ताकि भारत देश शिक्षित बनकर जातीय संकीर्णताओं से ऊपर उठाकर अपने देश को हर क्षेत्र में प्रगति के उन्नत ऊच्च शिखर तक ले जाया जा सके और संगठित रहो ताकि कोई बाहरी ताकत इस देश की ओर आँख उठाकर भी देखने का साहस न कर सके। बाबा साहेब का कहना था कि आप काम करने वाले बनो, आपकी सहायता करने वाले अनेकों लोग राह में मिल जाएंगे। भारत देश के विकास के हर क्षेत्र में सुधार के ड्राफ्ट बनवा कर उनको यथावत लागु करवाए जाने वाले बाबा साहेब की जयंती पर शत शत नमन करते वक्ता ने कहा कि आज हमें अम्बेडकर के बताये संविधान के नियमों पर चलने की जरूरत है ताकि उनके शिक्षित भारत संगठित भारत के सपने को साकार किया जा सके।



बतौर वक्ता नेहरु युवा केंद्र के पूर्व निदेशक डॉ. नरेंद्र यादव ने बाबा साहेब को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए बताया कि जो डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने केवल भारत को ही नहीं बल्कि पूरे संसार को जो ज्ञान दिया शायद इतना किसी ने भी नहीं दिया। लेकिन आज फिर हम कुछ अलग टाइप की व्यवस्था में संकीर्णता देख रहे हैं। बाबा साहेब का अर्थ समझाते हुए बोले-बाबा साहब का अर्थ है एक आदरणीय पिता। आज अम्बेडकर को इसी अर्थ के साथ हमें आदर करने की जरूरत है ना कि एक राजनितिक संकीर्ण रूप में।

बतौर वक्ता डॉ. महेंद्र रोहिला हेड इतिहास विभाग ने बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज फिर समाज में बाबा साहेब अम्बेदकर को लेकर गड़बड़ शुरू हो गयी है। जो अपने आपको अम्बेडकरवादी मानते हैं, लेकिन विचार धारा को वे कहीं और मोड़ ले जाते हैं। कोई प्रचार अम्बेडकर का कर रहे हैं तो बैनर के ऊपर चित्र किसी और के हैं, बैनर पर बाबा साहेब नहीं है। इस तरह मुखौटे बदलते दीख रहे हैं जोकि एक बहुत बड़े विद्वान् अम्बेडकर जैसे व्यक्तित्व और उनके ज्ञान के सामने अम्बेदकर को बौना और छोटे स्तर का बना देते हैं। उनके कृतित्व का कोई मुकाबला नहीं है। संकीर्णता थी पहले भी लेकिन आज की तरह नहीं। ऐतिहासिक तथ्यों का हवलद देते वक्ता ने बताया कि नेहरु ने दुनिया के 36 महा विद्वानों के नाम देकर महात्मा गाँधी को भारत का संविधान तैयार करने को कहा तो गाँधी ने विश्व के उन 36 संविधान विशेषज्ञों के एक तरफ करते हुए केवल भीमराव अम्बेदकर को चुना और कहा- अम्बेडकर से बड़ा भला और कौन विद्वान् हो सकता है। तब इस कार्य पर 167 सभाएं हुयी, 7635 संशोधन हुए, इन् सभाओं में 114 बार की सभाओं के सवाल जवाब भीमराव अम्बेडकर ने दिए। 7 सदस्यों की संविधान कमेटी में 1 सदस्य एक्सपायरड को गये थे, 2 सदस्य जयादातर विदेश रहते थे, 1 सदस्य रियासती कार्यों में व्यस्त रहते थे,1 सदस्य बीमार रहते थे और 1 सदस्य अम्बेडकर ही बचे थे जो दिन रात संविधान निर्माण में लगे रहते थे आप कल्पना कर सकते हैं कि भीमराव अम्बेडकर को संविधान निर्माता क्यों कहा जाता है। अतः हमें अम्बेडकर को लेकर किसी भी संकीर्णता से ऊपर उठाकर उनके कार्यों और उनके बताये मार्ग पर चलने की जरुरत है तभी उनकी जयंती मनाना सार्थक होगा।

मंच का संचालन मुक्तक सम्राट सतपाल शर्मा ने किया।

इस अवसर पर बनवारीलाल प्रजापति, डॉ सीताराम सैनी, गंगापुत्र राजेश हिन्दुस्तानी, बनीसिंह जांगड़ा, कृष्ण कुमार, जगदीश श्योराण, आत्मा रम गर्ग, शैलेश वर्मा, डॉ करतार सिंह, विजेंद्र कुमार, उदयचंद, आकाशवाणी निदेशक पवनकुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार, धर्मवीर शर्मा, भी उपस्थित रहे।

# चुनाव आयोग के निर्देश के बाद अम्बाला लोकसभा सीट का एक ए.आर.ओ. बदला गया

## बराड़ा उपमंडल में बिजेंद्र सिंह के स्थान पर अब अश्वनी मलिक होंगे नए एस.डी.एम.

**पाठकपक्ष न्यूज**

**चंडीगढ़, 17 अप्रैल :** भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की अम्बाला (आरक्षित) लोकसभा सीट के अंतर्गत पड़ने वाले मुलाना (आरक्षित) विधानसभा हलके में तैनात बराड़ा के उप-मंडल अधिकारी (नागरिक)- एस.डी.ओ. (सिविल) अर्थात उपमंडलाधीश (एस.डी.एम.) बिजेंद्र सिंह, जो 2014 बैच के एच.सी.एस. (हरियाणा सिविल सेवा) अधिकारी हैं उनका तबादला कर उनके स्थान पर 2011 बैच के एच.सी.एस. अधिकारी अश्वनी मलिक को तैनात किया गया है। मलिक इसे पूर्व कैथल जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और साथ साथ कैथल डी.आर.डी.ए. के सीईओ पद पर तैनात थे. बिजेंद्र की ताज़ा तैनाती के आदेश फिलहाल जारी नहीं किये गये हैं.

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार जो अम्बाला लोकसभा क्षेत्र के एक रजिस्टर्ड मतदाता भी है, ने गत माह चुनाव आयोग और मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा को नोटिस भेजकर बराड़ा के निवर्तमान एस.डी.एम. बिजेंद्र सिंह को बदलने हेतु लिखा था क्योंकि बिजेंद्र 31 मई 2024 को हरियाणा सरकार की सेवा से रिटायर (सेवानिवृत्त) हो रहे है जबकि आगामी लोकसभा आम चुनाव की पूरी प्रक्रिया 6 जून 2024 तक निर्धारित है। गत फरवरी माह में चुनाव आयोग द्वारा लोक प्रतिनिधित्व कानून, 1951 की धारा 22(1) में अंबाला लोकसभा सीट के लिए कुल पदांकित नौ असिस्टेंट रिटर्निंग ऑफिसर्स (एआरओ) अर्थात सहायक निर्वाचन अधिकारियों में बराड़ा एस.डी.ओ. (सिविल) अर्थात एसडीएम भी शामिल हैं।

हेमंत का तर्क था कि अम्बाला लो.स. सीट की निर्वाचन प्रक्रिया में एक ऐसे ए.आर.ओ. का सम्मिलित होना, जो चुनाव प्रक्रिया के दौरान सरकारी सेवा से ही रिटायर होने वाला हो, उपयुक्त नहीं है। चूंकि इस संबंध में उन्हें नोटिस भेजने के दो सप्ताह बाद भी कोई जवाब नहीं प्राप्त हुआ, इसलिए उन्होंने गत 6 अप्रैल को चुनाव आयोग में आरटीआई याचिका दायर कर इस संबंध में संपूर्ण जानकारी मांगी जिसका जवाब तो फिलहाल लंबित है हालांकि इसी बीच अब उपरोक्त एच.सी.एस. अधिकारी बिजेंद्र सिंह का बराड़ा एस.डी.एम. पद से तबादला कर दिया गया है।

हेमंत का कहना है कि यह बेहद आश्चर्यजनक है कि अगर प्रदेश सरकार को इस बात का पहले से ही बोध था कि बराड़ा उपमंडल के निवर्तमान एस.डी.एम. बिजेंद्र सिंह, जिन्हें चुनाव आयोग द्वारा अम्बाला लो.स. सीट के एक ए.आर.ओ. के तौर पर पदांकित किया गया, वह प्रदेश सरकार की सेवा से 31 मई 2024 को रिटायर हो रहे है, तो उन्हें समय रहते अर्थात 16 मार्च से पूर्व अर्थात आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही बराड़ा एस.डी.एम. पद से क्यों नहीं बदला गया।

बहरहाल, आचार संहिता लागू होने के बाद भारतीय चुनाव आयोग की स्वीकृति से ही हरियाणा सरकार द्वारा अम्बाला के बराड़ा उपमंडल में नए एस.डी.एम. अश्वनी मलिक की तैनाती की गई है।

हाल ही में हेमंत ने 2020 बैच के 18 एच.सी.एस. अर्थात पांच वर्ष से कम सेवा वाले अधिकारियों, जो वर्तमान में प्रदेश के 18 उपमंडलों में बतौर एसडीओ (सी)/एसडीएम तैनात हैं नामतः मोहित कुमार (हांसी), दर्शन यादव (मानेसर), हरबीर सिंह (भिवानी), ज्योति (इसराना), अमित कुमार- द्वितीय (सोनीपत), मयंक भारद्वाज (नांगल चौधरी), जय प्रकाश (रादौर), रवींद्र मलिक (बेरी), प्रतीक हुड्डा (टोहाना), पुलकित मल्होत्रा (शाहाबाद), अमित मान (बड़खल), अभय सिंह जांगड़ा (डबवाली), अमित (समालखा), अमित कुमार- तृतीय (लोहारू), अजय सिंह (जुलाना), राजेश कुमार सोनी (घरौंडा), अमन कुमार (पेहोवा), गौरव चौहान (पंचकूला), नसीब कुमार (लाडवा), गुलज़ार मलिक (उचाना कलां) और देवेन्द्र शर्मा (बिलासपुर) के विरूद्ध भी चुनाव आयोग को लिखकर उन्हें बदलने को क्योंकि अक्टूबर, 2020 में प्रदेश के तत्कालीन मुख्य सचिव विजय वर्धन द्वारा एच.सी.एस. कैडर संख्या निर्धारण आदेश, जो मोजूदा तौर पर भी लागू है, में एस.डी.ओ. (सिविल) अर्थात एस.डी.एम. के पदों को स्पष्ट तौर पर सीनियर स्केल और सिलेक्शन ग्रेड अर्थात 5 वर्ष से 15 वर्ष तक की एच.सी.एस. सेवा वाले अधिकारियों के लिए दर्शाया गया है।

उपरोक्त 2020 बैच के सभी 18 एच.सी.एस. अधिकारियों को उनके पद अर्थात उनके एसडीओ (सी)/ एस.डी.एम. तैनात होने के फलस्वरूप चुनाव आयोग द्वारा सम्बंधित लोकसभा सीट के लिए ए.आर.ओ. के तौर पर पदांकित किया गया है।

हेमंत का कहना है कि कोई संदेह नहीं कि एच.सी.एस. अधिकारियों की तैनाती-तबादले करने की शक्ति राज्य सरकार (मुख्यमंत्री) में निहित होती है एवं ऐसा करना उनका विवेकाधिकार है परन्तु ऐसा करते समय प्रशासनिक सिद्धांतों की अनुपालना आवश्यक है ताकि तैनाती-तबादलों पर किसी प्रकार का कोई प्रश्न उत्पन्न न हो। अगर एचसीएस कैडर निर्धारण आदेश में स्पष्ट तौर पर न्यूनतम पांच वर्ष की एचसीएस सेवा वाले अधिकारी को ही एसडीओ (सी)/एसडीएम पद के लिए योग्य माना गया है, तो इसकी सख्त अनुपालना की जानी चाहिए और विशेष तौर पर तब लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत प्रदेश के उप-मंडलों में तैनात ऐसे एचसीएस अधिकारियों को भारतीय चुनाव आयोग द्वारा ए.आर.ओ. के तौर पर पदांकित किया गया हो।

# जिंदल स्टेनलेस ने नेट ज़ीरो के लिए विज्ञान पर आधारित लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्धता जताई

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** जिंदल स्टेनलेस ने कार्बन उत्सर्जन मुक्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए निकट भविष्य में विज्ञान पर आधारित उत्सर्जन कटौती और उन नेट ज़ीरो लक्ष्यों के लिए अपनी आधिकारिक प्रतिबद्धता की आज घोषणा की, जिनका जलवायु गतिविधियों से संबंधित वैश्विक संस्था साइंस बेस्ड टारगेट इनीशिएटिव (एसटीबीआई) ने उल्लेख किया है। इस घटनाक्रम के बाद जिंदल स्टेनलेस देश में स्टेनलेस स्टील और इस्पात क्षेत्र में ऐसा करने का इरादा रखने वाली सबसे बड़ी कंपनी बन गई है।

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेश श्री अभ्युदय जिंदल ने घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए कहा कि हम निम्न कार्बन उत्सर्जन पर आधारित अर्थव्यवस्था कायम करने के लिए काम कर रहे हैं, ऐसे में यह प्रतिबद्धता काफी महत्वपूर्ण है और महत्वाकांक्षी, विज्ञान आधारित उत्सर्जन कटौती लक्ष्य तय करने की एक कठोर प्रक्रिया की शुरुआत की प्रतीक है। कंपनी का लक्ष्य एसबीटीआई के मानकों के अनुरूप अपने कार्बन उत्सर्जन को महत्वपूर्ण रूप से कम करना और उद्योग को सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना है।

इस अवसर पर, मुख्य स्थिरता अधिकारी श्री कल्याण भट्टाचार्य ने कहा कि इन लक्ष्यों में कंपनी के संचालन और संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जीएचजी (ग्रीनहाउस गैस) का व्यापक मूल्यांकन शामिल किया जाएगा। इसके अलावा, हम अगले 24 महीनों में पेरिस समझौते - ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने - के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए आवश्यक समझे जाने वाले नवीनतम जलवायु विज्ञान के अनुरूप विज्ञान आधारित लक्ष्य (एसबीटी) तय करेंगे और उन्हें एसबीटीआई से मान्यता दिलाएंगे।

जिंदल स्टेनलेस ने हाल के महीनों में अपनी कार्बन उत्सर्जन मुक्त रणनीति के तहत कई कदम उठाए हैं। कंपनी ने ग्रीन हाइड्रोजन संयंत्र की स्थापना से लेकर 300 मेगावाट हाइब्रिड ऊर्जा परियोजना के लिए अनुबंध करते हुए 2050 तक नेट जीरो उत्सर्जन प्राप्त करने के लक्ष्य के साथ कार्बन उत्सर्जन मुक्ति के अपने प्रयासों को रणनीतिक रूप से संरेखित किया है। कंपनी ने प्रतिष्ठित सीओपी28 जलवायु शिखर सम्मेलन में कहा कि वह 2035 के लक्ष्य वर्ष से पहले कार्बन उत्सर्जन में 50त्न कटौती के अपने मध्यावधि लक्ष्य को प्राप्त करने और 2050 तक नेट जीरो हासिल करने के लिए तैयार है। कंपनी की योजना उन पहलों के माध्यम से प्रति वर्ष 1.9 अरब यूनिट से अधिक स्वच्छ ऊर्जा पैदा की भी है, जिनमें प्रति वर्ष 13.52 लाख टन से ज्यादा कार्बन उत्सर्जन कटौती की क्षमता है।

नेट-ज़ीरो लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रतिबद्धता जताकर कंपनी 'रेस टू जीरो' अभियान का भी हिस्सा बन गई है। संयुक्त राष्ट्र समर्थित इस अभियान का उद्देश्य एक स्वस्थ, लचीले और जीरो कार्बन रिकवरी कार्यक्रम के लिए कंपनियों, शहरों, क्षेत्रों, वित्तीय, शैक्षिक व स्वास्थ्य संस्थानों जैसे गैर-सरकारी हितधारकों का नेतृत्व जुटाना है।

# हिसार जिला के गांव दड़ौली में जन्मी नैना चौटाला हिसार से होगी जेजेपी की उम्मीदवार



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** हिसार की बेटी को पहली बार किसी पार्टी ने टिकट दिया है। हम बात कर रहे है बाढड़ा से विधायक नैना चौटाला की। आदमपुर हलके के गांव दड़ौली में 8 दिसंबर 1967 में जन्मी नैना चौटाला को जननायक जनता पार्टी ने हिसार लोकसभा से चुनावी मैदान में उतारा है। हिसार से सांसद रहे एवं प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला की माता नैना चौटाला का हिसार से बेहद गहरा नाता है। उनका बचपन जहां गांव दड़ौली में गुजरा तो वहीं हिसार के नूर निवास स्कूल से उन्होंने शिक्षा ग्रहण की। उन्होंने एफसी कॉलेज से स्नातक की परीक्षा पास की। स्कूल और कॉलेज के दिनों में उन्होंने जवाहर नगर की गली नंबर दो में अपनी बड़ी बहन बिमला के भी पास कुछ समय रह कर पढ़ाई की। नैना चौटाला 14 वर्ष तक हैडगर्ल भी रही।

पढाई के दिनों में पिता चौधरी भीम सिंह गोदारा की और शादी के बाद उनके पति डॉ. अजय चौटाला ही नैना के प्रेरणा स्त्रोत रहे। उनके पिता जी नैना को कहते थे कि बेटी कुछ बनकर दिखाना है। नैना चौटाला की पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भी रूचि रही और उन्होंने कालेज के दिनों में प्री आरडी कैंप गणतंत्र दिवस समारोह परेड में भाग लिया और शूटिंग में उन्होंने इंटर यूनिवर्सिटी में शूटिंग टीम का प्रतिनिधित्व किया।

नैना को बेटी होने पर गर्व है। वह कहती हैं कि मैं अपने आप को बहुत गौरवान्वित महसूस करती हूं। ग्रामीण प्रवेश से ताल्लुक रखने के बावजूद मेरे माता-पिता ने मेरा पूरा साथ दिया और मुझे शिक्षा के लिए शहर में बोर्डिंग स्कूल और कॉलेज में पढ़ने का मौका दिया।

नैना सिंह चौटाला की 24 फरवरी 1987 को डॉ. अजय सिंह चौटाला से शादी हुई। वह बताती हैं कि अजय जी ने मुझे आगे बढ़ने में बहुत सहयोग किया। विपरीत परिस्थितियों में मुझे राजनिति में आना पड़ा तो हर कदम पर अजय ने मुझे प्रेरित किया। उनके सहयोग की बदौलत में आज इस सार्वजनिक जीवन मे बनी हुई हूँ।

उनके दो सुपुत्र हैं। ज्येष्ठ पुत्र दुष्यंत चौटाला हिसार से देश के सबसे युवा सांसद बने और 2019 में उचाना कलां से विधायक चुने के बाद हरियाणा के डिप्टी सीएम के रूप में प्रदेश की सेवा की। दूसरा सुपुत्र दिग्विजय सिंह चौटाला जेजेपी के प्रधान महासचिव हैं।

नैना सिंह चौटाला लगातार दूसरी बार विधायक बनीं हैं। इससे पहले साल 2014 के विधानसभा चुनाव में वे डबवाली विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुनी गई थी। साल 2014 के चुनाव में नैना चौटाला ने डबवाली सीट से करीब 68029 वोट हासिल करते हुए 8545 वोट के अंतर से जीत हासिल की थी। 2018 में जेजेपी का गठन हुआ और बाढड़ा से विधायक बनी। नैना चौटाला जेजेपी की वरिष्ठ नेत्री हैं। नैना चौटाला ने महिलाओं को राजनीति के प्रति जागरूक करने के लक्ष्य से 'हरी चुनरी चौपाल' के सफल कार्यक्रम प्रदेशभर में किए है। इन कार्यक्रमों की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नैना चौटाला की मांग पर हरियाणा में महिलाओं को पंचायती संस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण, राशन डिपो में 33 प्रतिशत हिस्सेदारी मिलने जैसे अनेक कार्य हुए है।

# श्री पंचमुखी बालाजी धाम चौधरीवास में बाबा के पावन जयकारों के साथ मारुती महायज्ञ प्रारंभ

## चैत्र सुदी पूर्णिमा पर रजत जयंती अमृत महोत्सव मेला 23 अप्रैल को



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** गांव चौधरीवास स्थित श्री पंचमुखी बालाजी धाम के प्रांगण में श्री हनुमान जी व परम पूज्य ब्रह्मलीन गुरुवर श्री गोपीराम जोशी व श्री पवन कुमार जोशी के आशीर्वाद से चैत्रसुदी पूर्णिमा श्री हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर आगामी 23 अप्रैल मंगलवार को विशाल मेला आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी धाम के मुख्य पुजारी मोनू भाईजी ने बताया कि धाम में चल रहे कार्यक्रम के तहत बाबा के पावन जयकारों के साथ मारुती महायज्ञ प्रारंभ हो गया है। जो आज रामनवमी से 23 अप्रैल तक सप्तदिवसीय नव कुण्डीय श्री मारूति महायज्ञ होगा। इसके अलावा 22 अप्रैल को सामूहिक संगीतमय श्री सुंदरकाण्ड पाठ (मनोज सेन, धनबाद) प्रातः 10 बजे एवं श्री बाला जी महाराज का दुग्धाभिषेक, चोला एवं स्वर्ण श्रृंगार सायं 4.00 बजे किया जाएगा। 23 अप्रैल को पूर्णिमा रजत जयंती अमृत महोत्सव के अवसर पर यात्रियों द्वारा मनोकामना हेतु सामूहिक दरखास्त व अर्जी लगाई जाएगी।

# विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों तथा रक्तदान में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए : डॉ. रमेश आर्य



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** राजकीय महिला महाविद्यालय, हिसार के प्रांगण में रेड रिबन और रेड क्रॉस क्लब द्वारा प्राथमिक चिकित्सा बारे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करवाया गया। जिसमें रेड क्रॉस सोसाइटी, हिसार की तरफ से जिला प्रशिक्षण अधिकारी श्रीमती विनोद कुमारी व ट्रेनर श्रीमान कुलदीप ने भाग लिया। श्रीमती विनोद कुमारी द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी के तहत विभिन्न क्षेत्रों में किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी गई और अलग-अलग प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम व उनकी उपयोगिता बारे छात्राओं को अवगत करवाया गया। श्रीमान कुलदीप द्वारा प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित विस्तृत व्याख्यान व विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्राचार्य डॉ रमेश आर्य द्वारा छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इसे आगे बताते हुए डॉ. आर्य ने कहा कि विद्यार्थियों को सामाजिक कार्यों तथा रक्तदान में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए। रेड रिबन क्लब इंचार्ज डॉक्टर अनीता तनेजा द्वारा प्रशिक्षकों का धन्यवाद किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन फर्स्ट एड इंचार्ज डॉक्टर रणधीर सिंह द्वारा किया गया।

# उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा आम चुनाव-2024 को लेकर अधिकारियों की ली बैठक



**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 17 अप्रैल :** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, नोडल अधिकारियों व चुनावी ड्यूटी में लगे अन्य संबंधित अधिकारियों को जिले की सात विधानसभा क्षेत्रों में स्थापित किए गए सभी मतदान केंद्रों पर आयोग की हिदायतों के अनुसार सभी सुविधाएं सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। उन्होंने लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर अपनी-अपनी जिम्मेवारियों को पूरी गंभीरता के साथ निर्वहन करने की हिदायत दी है। मंगलवार को हरियाणा के मुख्य निवार्चन अधिकारी अनुराग अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग उपरांत उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा जारी हिदायतों की अक्षरक्षः पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने के लिए प्रशिक्षण कार्य भी जल्द ही आरंभ कर दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे भारतीय निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार सर्विस/स्पेशल वोटर, चुनाव ड्यूटी व जरूरी सेवाओं वाले विभागों के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों, कोविड पॉजिटिव मरीजों, सुरक्षा के दृष्टिगत/निवारक हिरासत में रखे गए लोगों, 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों व 40 से अधिक के प्रतिशतता वाले दिव्यांग मतदाताओं के मतदान को सुनिश्चित करने की तैयारी भी समय रहते सुनिश्चित कर लें। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त नीरज, मंडलायुक्त कार्यालय की विशेष कार्याधिकारी शालिनी चेतल, सभी एसडीएम, सीटीएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।









**Name Change**

I, Aditya S/o Sunil Kumar R/o VPO Dewan Distt. Hisar, Haryana 125004 do hereby declare that I have changed my name from Aditya to Aditya Kumar for all future purpose.

\- Deponent

**Name Change**

I, Subhash Chander Dudi Alias Subhash Chander S/o Sultan Singh R/o H. No. 207, Village Mothsara, Post Office Mahalsara, Sub Distt. Adampur, Distt. Hisar declare that I have changed my name from Subhash Chander Dudi Alias Subhash Chander to Subhash Chander for all future purposes.

\- Deponent

डॉ. बलबीर सैनी
B.A.M.S. M.D. Uni. (Rohtak)
चर्म, एलर्जी, सैक्स व गुप्त रोग विशेषज्ञ
बलबीर हस्पताल
पता : पुरानी सब्जी मण्डी चौक, बड़वाली ढाणी, निकट हनुमान मंदिर, हिसार
✆ 92156-88573

**बेदखली सूचना**

मैं हनुमान पुत्र शेर सिंह निवासी गांव लाडवी, तहसील आदमपुर जिला हिसार अपने हल्फ से बयान करता हूं कि मेरा लड़का रामपाल व मेरी पुत्रवधू वंदना मेरे कहेसुने से बाहर हैं इसलिए मैंने को मैंने अपने पुत्र रामपाल व पुत्रवधू वंदना को 10-03-2024 से अपनी चल-अचल संपति से बेदखल कर दिया है। इनसे लेन देन रखने वाले व संबध रखने स्वंय जिम्मेवार होगें। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

शपथकार

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, कैलाश प्रसाद पुत्र श्री मनोहर लाल निवासी मकान नम्बर 27, चन्दन नगर बालसमन्द रोड हिसार ब्यान करता हूँ कि प्लाट नम्बर 27 बारकबा 110 वर्गगज वाका मौजा चन्दन नगर बालसमन्द रोड हिसार जो कि दि हिसार विराट को0 ओ0 हा0 बि0 सोसायटी लि0 हिसार से मैम्बरशिप नम्बर 128/9 पर दिनांक 06.06.2001 को अलाट शुदा है जिसका अलाटमैन्ट कार्ड मुझसे दिनांक 22.02.2024 को चन्दन नगर बालसमन्द रोड हिसार पर कहीं पर गुम हो गया है जो मेरे द्वारा काफी तलाशने पर भी उक्त अलॉटमैन्ट लैटर मुझे प्राप्त ना हुआ है। मैं उक्त अलॉटमैन्ट लेटर की दूसरी कापी निकलवाना चाहता हूँ। अगर निकट भविष्य में मुझे उक्त असल अलॉटमैन्ट लैटर मिल जाता है तो मैं उसे सोसायटी में जमा करवाने का पाबंद रहूंगा। शपथकार




# मंदिर की आड़ में शिक्षा के मंदिर पर कब्जा करना बेहद गलत, मामले में तुरंत कार्यवाही करे प्रशासन : संजय चौहान

## *कहा-प्रशासन ने जल्द कार्यवाही नहीं की गई तो सड़कों पर उतरेंगे*



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** जय भीम आर्मी के चेयरमैन संजय चौहान व उपाध्यक्ष जंगी सरपंच ने मंदिर की आड़ में शिक्षा के मंदिर विद्यालय पर जबरन कब्जे व विद्यालय की शिक्षिकाओं के साथ दुर्व्यवहार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही व इस ममाले में प्रशासन से तुरंत दखल दिए जाने की मांग की है। संजय चौहान ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला अनाज मंडी के भवन पर साथ लगते मंदिर के लोगों द्वारा जबरदन कब्जा किए जाने का विरोध जताते हुए कहा कि मंदिर के कारण शिक्षा के मंदिर को जहां से ज्ञान का उजाला फैलता है उसे बंद करवाना जाना निंदनीय है। मंदिर समिति जहां तक मंदिर की जमीन है उसकी जद में रहकर अपने निर्माण व अन्य गतिविधियां करें लेकिन मंदिर के विस्तार के लिए विद्यालय की जमीन को जबदन हथिया लेने बेहद गलत है।

संजय चौहान व जंगी सरपंच ने बताया कि मंदिर समिति के लोगों द्वारा स्कूल में घुसकर तोड़फोड़ की गई तथा स्कूल की अध्यापिकों से भी दुर्व्यवहार किया है जिसकी शिकायत स्कूल की मुख्य अध्यापिका ने पुलिस चौकी में लिखित में दी है। मुख्य अध्यापिका ने शिकायत में स्पष्ट तौर पर लिखा है कि उन्हें लंबे समय से परेशान किया जा रहा है स्कूल का एक गेट उखाड़कर वहां जबरन जाली लगा दी गई है, स्कूल के अधिकतर खिड़की दरवाजे भी उखाड़ लिए गए हैं, स्कूल की बच्चियों की टॉयलेट को भी मंदिर समिति ने अपने कब्जे में ले लिया है। गत दिवस समिति के लोगों ने स्कूल में घुसकर स्कूल की शिक्षिकाओं के साथ बदतमीजी की ओर उनका फोन भी छीन लिया। स्कूल में गरीब लोगों के बच्चे पढ़ते हैं मंदिर समिति की हरकतों के चलते लगभग दो दर्जन अभिभावक अपने बच्चों का दाखिला इस स्कूल से हटवाकर दूसरे स्कूल में करवा चुके हैं।

जय भीम आर्मी चेयरमैन व उपाध्यक्ष ने कहा कि यह सरासर गलत है मंदिर अपनी जगह सही है, लेकिन उसके लिए विद्यालय को बंद करना सही नहीं है। जय भीम आर्मी इस पर कड़ा विरोध व्यक्त करती है। संजय चौहान ने प्रशासन से मांग की कि प्रशासन इस संबंध में तुरंत संज्ञान लेकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करे। यही प्रशासन ने जल्द ही इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया तो जय भीम आर्मी अन्य संगठनों को साथ लेकर सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेगी।

# भारतीय अनुसूचित जाति पिछड़ा एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया ने दिया रणजीत सिंह चौटाला को समर्थन



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** भारतीय अनुसूचित जाति पिछड़ा एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं हरियाणा अंबेडकर संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनजीत सिंह दहिया विद्यावाचस्पति आज अपने समर्थकों के साथ हिसार पहुंचे। डॉ. मनजीत सिंह दहिया का हिसार पहुंचने पर स्थानीय समिति पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं व पगड़ी से स्वागत किया और विद्युत नगर में श्रीमती स्नेहलता निंबल की अध्क्षता में आयोजित नुक्कड़ सभा में पहुंचकर भाजपा उम्मीदवार चौ. रणजीत सिंह को अपना समर्थन दिया। डॉ. मनजीत दहिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चौ. रणजीत सिंह पर भरोसा जताकर हिसार लोकसभा का प्रत्याशी बनाया है तथा कुरुक्षेत्र से नवीन जिंदल को प्रत्याशी बनाया है इसलिए हम सभी कार्यकर्ताओं को चाहिए कि दोनों उम्मदीवारों को ज्यादा से ज्यादा भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा में भेजकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करें। उन्होंने सरकार द्वारा किए गए कार्यों की प्रशंसा की और बताया कि आज दुनिया में भारत का नाम चर्चित है। हिसार लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी चौ. रणजीत सिंह ने इस अवसर पर कहा कि जो जिम्मेदारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा भाजपा हाईकमान ने मुझे दी है। उस पर मैं खरा उतरूंगा और हिसार क्षेत्र की आवाज लोकसभा में जोरशोर से उठाउंगा और जनहित के कार्य और अधिक करूंगा। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल, शकुंतला राजलीवाला पूर्व मेयर, प्रख्यात समाजसेवी मनोहर लाल चांदीवाल, समाजसेविका कौशल्या देवी राष्ट्रीय अध्यक्षा ऑल इंडिया महिला सेवा समिति, रामदिया गोयल, सतबीर सभ्रवाल, बीरमती, दर्शना देवी, मुकेश, पिंकी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन क्षेत्र में पीने के पानी की समस्या हुई गंभीर, नागरिकों में मचा हाहाकार

***पाठकपक्ष न्यूज***

***हिसार, 17 अप्रैल (इकबाल सिंह उप्पल):*** *स्थानीय मॉडल टाउन और साथ लगते क्षेत्रों में कई दिनों से पेयजल की दिक्कत आ रही है, जिस कारण नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जल आपूर्ति विभाग ने पहले से ही इस क्षेत्र में एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई करने का निर्णय लिया हुआ है। इसलिए दूसरे दिन तकरीबन 48 घंटे बाद पानी की सप्लाई 50-60 मिनट के लिए छोड़ी जाती है, जो की बहुत कम है। इससे पीने का पानी भी ठीक से स्टोर नहीं हो पाता, दूसरे कामों के लिए तो स्थानीय नागरिक कई दिनों से पानी को वैकल्पिक माध्यमों से पानी खरीद-खरीद इस्तेमाल कर रहे हैं। मॉडल टाउन के साथ सबसे गंभीर समस्या दयानंद कॉलोनी, न्यू मॉडल एक्सटेंशन क्षेत्र में बनी हुई है। क्योंकि इस क्षेत्र में बहुत बड़ी आबादी रहती है। कई बार विभाग से संपर्क किया है पर कोई हल इस बात का नहीं निकल पा रहा है। स्थानीय नागरिकों ने जिला प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि पानी की सप्लाई बढ़ाई जाए और हर रोज पानी की सप्लाई कुछ ना कुछ जरूर की जाए। चुनाव का माहौल होने के कारण अब परेशान नागरिक चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से भी इस बारे में सवाल उठाने का मन बना रहे। जिला प्रशासन ने अगर इस पानी की समस्या की तरफ विशेष ध्यान नहीं दिया तो जल्दी ही किसानों की तरह आम नागरिक भी चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों से इस बारे में सवाल करता दिखाई देगा।*

# पूर्व मंत्री हरिसिंह सैनी थे एक महान समाजसेवी नेता : रामनिवास राड़ा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** पूर्व मंत्री स्व. श्री हरिसिंह सैनी का निधन हिसार शहर के लिए एक अपूर्णीय क्षति है। यह बात आज हिसार विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी व समाजसेवी रामनिवास राड़ा ने उनके आवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कही। राड़ा ने कहा कि चौ. साहब 1987 में लोकदल की टिकट पर चुनाव लड़कर जीते थे ओर पार्टी ने उनको मंत्री पद भी दिया, जिसके जरिये उन्होंने समाजसेवा के अनेकों कार्य किये थे। सर्वसमाज में उनका सम्मान था ओर वो मेरे बड़े भाई सम्मान थे। उनके निधन से जो अपूर्णीय क्षति मुझे व समस्त समाज को हुई है उसकी भरपाई होना बहुत मुश्किल है। राड़ा ने बताया कि ज़ब वह अस्वस्थ थे तब वह सपरा हस्पताल में उनसे मुलाक़ात कर उनका स्वास्थ्य हालचाल जानने भी पहुंचे थे तभी अंतिम बार हस्पताल में ही उनके दर्शन किये थे ओर सर्वसमाज की उन्नति का उनसे आशीर्वाद लिया था। हरिसिंह जी की कमी सर्वसमाज को सदैव रहेगी।

# चार दिवसीय श्री राधा नाम संकीर्तन उत्सव 18 अप्रैल से

## *साध्वी पूर्णिमा, चित्र-विचित्र महाराज, भैया कृष्ण भुटानी, गोविंद कृष्ण समां बांधेंगे*

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल की ओर से शहर के बिश्नोई मंदिर में चार दिवसीय श्री राधा नाम संकीर्तन उत्सव मनाया जा रहा है। उत्सव का श्रीगणेश 18 अप्रैल को श्रीमन महाप्रभु नगर संकीर्तन से होगा। नगर संकीर्तन सांय 5 बजे बहिन मोहन देवी श्री रघुनाथ मंदिर डोगरान मोहल्ला से शुरू होगा जिसका तेलियान पुल, राजगुरु मार्केट और आर्य बाजार से होते हुए श्री प्रयागगिरि शिवालय मंदिर पड़ाव चैक पर विश्राम होगा। भैया कृष्ण दास भुटानी और कुरूक्षेत्र से भैया गोविंद कृष्ण दास भजनों से समां बांधेंगे। श्री गौर हरि संकीर्तन मंडल प्रवक्ता ने बताया कि उत्सव के दूसरे दिन 19 अप्रैल से श्री बिश्नोई मंदिर में श्री राधा नाम संकीर्तन प्रारंभ। 19 अप्रैल को श्री धाम वृंदावन से ब्रजरस अनुरागी पूनम दीदी (साध्वी पूर्णिमा) शामिल होकर श्री राधा नाम रस धारा प्रवाहित करेंगी। तीसरे दिन 20 अप्रैल को बृजधाम से बाबा श्री रसिका पागल जी के कृपा पात्र शिष्य भैया चित्र-विचित्र अपनी मधुर वाणी से श्री राधा नाम रस बरसायेंगे। उत्सव समापन अवसर पर 21 अप्रैल को श्री राधारमण लाल जू के लाडले भैयाकृष्ण दास भुटानी अपनी मधुर वाणी में श्री राधा नाम रस और बधाई उत्सव का आस्वादन करेंगें जो सांय 7 बजे से श्री हरि इच्छा तक चलेगा। संकीर्तन के दौरान कृष्ण अरोड़ा, सुभाष भतीजा, विजय कपूर, विजय नागपाल, विनोद रहेजा (काले भैया), लोकेश अनेजा, विजय महाजन, अभय बजाज, कुलदीप ग्रोवर, अमित कक्कड़, शुभम वलेचा, गौरव कुकड़ेजा, प्रवीन कुमार, विशाल ललित, विक्की, गोविन्द, लक्की मल्होत्रा, विशु भाटिया आदि मौजूद रहेंगे।

# जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर अध्यापकों में भारी रोष : प्रमोद जांगड़ा



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला कमेटी की मीटिंग जिला प्रधान प्रमोद जांगड़ा की अध्यक्षता में स्थानीय सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में संपन्न हुई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव पवन कुमार ने किया। मीटिंग को संबोधित करते हुए अध्यापक संघ के नेताओं ने बताया कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अध्यापकों के अनेक कार्य लंबित पड़े हैं। बार-बार मीटिंग करने के बावजूद एसीपी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिल व एलटीसी के मामले लंबित पड़े हैं। इसको लेकर अध्यापकों में भारी रोष व्याप्त है। उन्होंने कहा कि यदि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी की कार्यप्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ कड़ा कदम उठाने को मजबूर होगा, जिसके तहत जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव भी किया जा सकता है। अध्यापक संघ नेताओं ने बताया कि हरियाणा सरकार सार्वजनिक शिक्षा का विस्तार करने की बजाय चिराग योजना के तहत सरकारी स्कूलों को बंद करने पर तुली हुई है। अध्यापक संघ सरकार की ऐसी नीतियों का पूरजोर विरोध करता है। मीटिंग में विनोद प्रभाकर, संदीप मिरका, बलजीत सिंह, रामपाल, विरेन्द्र सिंह, सुभाष चन्द्र, कृष्ण भार्रि, राजेंद्र कुमार, फकीरचन्द, ओमप्रकाश माल, राजेंद्र अग्रोहा आदि अध्यापक मौजूद रहे।

# पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल का आशीर्वाद लेने पहुंची भाजपा नेत्री डॉ दिव्या सेठी मेहता



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा जॉइन करने के बाद आम आदमी पार्टी की महिला प्रकोष्ठ की पूर्व प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ दिव्या सेठी मेहता हिसार की राजनीति में पूरी तरह से सक्रिय हो गई हैं। उन्होंने आज पार्टी की वरिष्ठ नेत्री एवं पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल से मुलाकात की और उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। इस दौरान उन्होंने हिसार के राजनीतिक हालात को लेकर विस्तार से चर्चा की। डॉ दिव्या सेठी मेहता ने इस दौरान कहा कि आज देश व प्रदेश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़ी है।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती पर गांव लाडवा में रक्तदान शिविर का आयोजन व पौधारोपण



**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** डॉ भीमराव अंबेडकर चौपाल गांव लाडवा में बाबा साहेब अंबेडकर की 134वीं जयंती बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सिविल हॉस्पिटल हिसार की टीम ने खून दान करने वालों के स्वास्थ्य की जांच करके 35 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शाम को बाबा साहब की जयंती पर मुख्य अतिथि श्रम कल्याण बोर्ड अध्यक्ष श्री नरेश जांगड़ा, गांव लाडवा के सरपंच रामपाल पूनिया, जिला पार्षद जसबीर व गांव के अन्य गणमान्य लोगों ने शिरकत की। इस दौरान बाबा साहब के जीवन के बारे में बहुत से महत्वपूर्ण बातें बताई गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के द्वारा चौपाल में पौधारोपण भी किया गया और रक्तदाताओं को सम्मानित किया गया। डॉक्टर अंबेडकर युवा संगठन के सभी सदस्य सुशील सोढ़ी, मास्टर सुनील, रोहतास प्रधान, अनिल, मनोज, संदीप दहिया व अन्य संगठन के सभी सक्रिय सदस्यों ने बड़े उत्साह व धूमधाम से बाबा साहब की जयंती मनाई।

# राम भक्त हनुमान मंदिर, जवाहर नगर का वार्षिक महोत्सव 19 से

**पाठकपक्ष न्यूज**

**हिसार, 17 अप्रैल :** रामभक्त हनुमान मंदिर समिति, गली नम्बर-2 जवाहर नगर के 29वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में 19 से 23 अप्रैल तक संगीतमय हनुमान कथा का आयोजन किया जाएगा। समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज, वृंदावन के कृपापात्र पीठाधीश्वर स्वामी सत्यानंद महाराज के सान्निध्य में भजन, सत्संग व प्रवचन होंगे। 19 से 22 अप्रैल तक सायं 4 बजे से 7 बजे तक हरि मंदिर अमरधाम, फर्रुखनगर, गुरुग्राम के अधिष्ठाता व कथा व्यास डॉ. स्वामी उमानंद मानसमणि प्रवचन देंगे। भजन सम्राट डॉ. मोहन तनेजा व सुमित मित्तल भजनों की वर्षा करेंगे। समिति के प्रधान इंद्रचंद राठी ने बताया कि 22 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे श्रीअखंड हनुमान चालीसा पाठ प्रारंभ किये जाएंगे जिनका समापन 23 अप्रैल को प्रातः 6:30 बजे किया जाएगा। इसके बाद सत्यनारायण कथा की जाएगी। प्रातः 8:30 बजे हवन किया जाएगा। प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक स्वामी सत्यानंद महाराज व अन्य विद्ववजन भजन, सत्संग व प्रवचन देंगे। दोपहर 1 बजे भंडारा चलाया जाएगा। इसी दिन सायं 7:30 बजे पं. राजेश शर्मा चित्रकूट वालों के सान्निध्य में सामूहिक रुप से सुन्दरकांड पाठ किया जाएगा।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी चन्द्रबाला द्वारा 33-एस माडल टाउन, हिसार से प्रकाशित एवं सूचना प्रिंटर्स 33-एस, माडल टाउन, हिसार से मुद्रित।

सम्पादक : आशीष मलिक
उप-सम्पादक : मनोज कुमार

विजय कुमार : 98964-72584
श्याम नागपाल : 92552-73410
संचित मलिक रिपोर्टर हांसी 98960-38818

Email : dailypathakpaksh@yahoo.in
कानूनी सलाहकार- प्रवीर आर्य (9996055500)
किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र हिसार होगा।




